Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार
मूर्तियां एवं समस्त
पूजन सामग्री
संगमरमर व पीतल की
मूर्तियां राशि रत्न
एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध
ज्योतिषाचार्य
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के
सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 01, अंक 15 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये

जगदलपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीआर में बारिश और तेज हवाओं से प्रदूषण में बड़ी गिरावट

**नोएडा।** अचानक बदले मौसम ने पूरे एनसीआर को राहत दी। तेज हवाओं, धूल भरी आंधी और हल्की से मध्यम बारिश के चलते वायु प्रदूषण में गिरावट दर्ज की गई। कई दिनों से खराब श्रेणी में चल रहा एयर क्वालिटी इंडेक्स अब घटकर येलो जोन यानी 'मध्यम' श्रेणी में पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 मार्च और 20 मार्च को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है। विभाग ने दोनों दिनों के लिए गरज-चमक के साथ बारिश, 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और आंधी की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के लोकल फोरकास्ट के मुताबिक, 19 मार्च को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री रहने का अनुमान है, जबकि 20 मार्च को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री तक जा सकता है। दोनों ही दिनों में सुबह, दोपहर, शाम और रात- हर समय हल्की बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना जताई गई है।

### गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना वेव सिटी पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना में वांछित एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की गोली लगने से घायल हुए बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, बदमाश के कब्जे से चोरी की बाइक, अवैध तमंचा और दो कारतूस बरामद हुआ है। सहायक पुलिस आयुक्त प्रियश्री पाल ने बताया, 4 मार्च को थाना वेव सिटी थाना क्षेत्र स्थित डीएमई रोड पर हाईटेक कॉलेज के पास लूट हुई थी। बदमाशों ने तमंचे के बल पर नेक्सन कार और एक मोबाइल फोन लूट लिया था। इस घटना का संज्ञान लेते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी। 7 मार्च, 2026 को घटना का सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों राज और दर्शन को गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं, इसी मामले में दो अन्य वांछित लव और योगेंद्र भी फरार थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया था। खुफिया सूत्रों के माध्यम से पुलि

### बदला हो तो धुरंधर जैसा हो वरना न हो, सेकंड पार्ट देखकर आदित्य धर की दीवानी हुई प्रीति जिंटा

**मुंबई।** रणवीर सिंह और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के प्री-प्रीव्यू के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें 'नोटबंदी' से लेकर बड़े साहब (दाऊद इब्राहिम) तक को दिखाया गया है। फिल्म देखकर आई एक्ट्रेस प्रीति जिंटा धुरंधर के हर किरदार की कायल हो चुकी हैं। उन्होंने फिल्म को 'धुरंधर' से ज्यादा शानदार बताया है। प्रीति जिंटा अपने दोस्त और 'धुरंधर-द रिवेंज' के मेजर इकबाल (अर्जुन रामपाल) के साथ फिल्म देखने पहुंचीं।

## डॉ. महंत, भूपेश व धर्मजीत ने भी विधानसभा में जताई चिंता

# छातिम सेहत के लिए बेहद खतरनाक मप्र की तरह क्या रोकेंग-सुनली सोनी

रायपुर। संवाददाता



विधानसभा में आज भाजपा विधायक सुनील सोनी ने छातिम (सप्तपर्णी) वृक्ष को सेहत के लिए बेहद खतरनाक बताते हुए छत्तीसगढ़ में इस पर रोक लगाने के साथ जगह-जगह नीम व पीपल पेड़ लगाने की मांग उठाई। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने भी स्वास्थ्य के लिए घातक पेड़ों पर चिंता जताते हुए तत्काल कदम उठाने की जरूरत बताई। प्रश्नकाल में सुनील सोनी का सवाल था कि क्या यह सत्य है कि देश के विभिन्न राज्यों में सप्तपर्णी (छातिम) वृक्ष के स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों को देखते हुए इनके रोपण पर रोक लगाई गई है? क्या छत्तीसगढ़ में पर्यावरण विभाग सप्तपर्णी व्दारा स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में इनके रोपण पर प्रतिबंध लगाने एवं पूर्व से रोपित किए गए सप्तपर्णी वृक्षों को हटाकर उन्हें अन्य स्थानीय वृक्षों से प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है? पर्यावरण विभाग व्दारा सप्तपर्णी के दुष्प्रभावों से जनमानस को बचाने हेतु क्या कार्य योजना है? पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी की ओर से जवाब आया कि वन विभाग या पर्यावरण विभाग व्दारा सप्तपर्णी वृक्ष के रोपण पर रोक नहीं लगाई गई है। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक से प्राप्त जानकारी अनुसार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वर्तमान में अभी कोई प्रस्ताव या कार्य योजना नहीं है। पर्यावरण विभाग द्वारा सप्तपर्णी वृक्षों को हटाकर उन्हें अन्य स्थानीय वृक्षों से प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित नहीं है। सुनील सोनी ने कहा कि जगह-जगह बड़ी संख्या में छातिम के पेड़ लगे हुए हैं, जिससे लोगों को अस्थमा व सांस की अन्य बीमारियां हो रही हैं। वैज्ञानिक रिसर्च में सामने आ चुका है कि हातिम का पेड़ हानिकारक है। मध्यप्रदेश, केरल, तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश में तो छातिम पर रोक लगा दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में चला। मध्यप्रदेश सरकार ने छातिम को हटाने 9 जनवरी 2026 को बकायदा आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ में ऐसा ही कोई कदम उठाते हुए क्या छातिम के स्थान पर नीम व पीपल के पेड़ लगाए जाएंगे?पर्यावरण मंत्री ने कहा कि कोनोकार्पस का विषय जरूर आया था। कोनोकार्पस पर रिसर्च प्रकाशित हुआ है। छातिम का विषय अभी आया है। भविष्य में छातिम पर प्रतिबंध लगवा ही देंगे। रायपुर में जब मैं प्रशासनिक क्षेत्र में काम कर रहा था तब खूब पीपल के पेड़ लगवाए थे। नया रायपुर में भी हमने पीपल फॉर पीपल अभियान चलाया था। सोनी ने कहा कि मध्यप्रदेश ने 9 जनवरी 2026 से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले वृक्षों को हटवाना भी शुरु कर दिया है। रायपुर में भी बड़ी संख्या में छातिम के पेड़ लगे हुए हैं। इन्हें हटवाकर नीम व पीपल के पेड़ लगवा दीजिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छातिम अस्थमा जैसी बीमारी लाता है। कोनोकार्पस भी खतरनाक है। ऐसे वृक्षों को हटवाएंगे क्या? पर्यावरण मंत्री ने कहा कोनोकार्पस को हटाने सकारात्मक कदम उठाएंगे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### विधानसभा में रिकेश सेन ने उठाया मामला-बजट में स्वीकृति के बाद भी नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र की नहीं बनी बिल्डिंग



**रायपुर।** विधानसभा में आज भाजपा विधायक रिकेश सेन ने आरोप लगाया कि बजट में स्वीकृति के बाद भी सरकारी नर्सिंग (GNM) प्रशिक्षण केंद्र हेतु बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ। ध्यानाकर्षण के दौरान रिकेश सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र एक सघन आबादी वाला क्षेत्र है। यहां मध्यम और निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों की संख्या अधिक है। क्षेत्र की छात्राओं और युवाओं में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति रूझान है, किंतु स्थानीय स्तर पर सरकारी नर्सिंग (GNM) प्रशिक्षण केंद्र न होने के कारण उन्हें निजी संस्थानों की भारी फीस भरनी पड़ती है या दूरदराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है। वैशाली नगर में जीएनएम केंद्र खुलने से स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वास्थ्य सेवाओं में करियर बनाने का अवसर मिलेगा। इस केंद्र की स्थापना से क्षेत्र के समीपवर्ती अस्पतालों को भी प्रशिक्षित स्टाफकी सेवाएं सुलभ होंगी, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इस संबंध में आज दिनांक तक निराशा की स्थिति बनी हुई है। इससे क्षेत्र की जनता में शासन के प्रति आक्रोश है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का जवाब आया कि यह सही है कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र एक सघन आबादी वाला क्षेत्र है। यहां मध्यम और निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों की संख्या अधिक है। यह सही नहीं है, कि स्थानीय स्तर पर सरकारी नर्सिंग (GNM) प्रशिक्षण केंद्र न होने के कारण उन्हें निजी संस्थानों की भारी फीस भरनी पड़ती है या दूरदराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है। सही यह है, कि जिला दुर्ग अन्तर्गत जिला चिकित्सालय के समीप 01 शासकीय जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी (GNM) प्रशिक्षण केंद्र संचालित है, जिसकी प्रति वर्ष सीट क्षमता 30 है। वर्तमान में उक्त केन्द्र में कुल 88 छात्रायें अध्ययनरत हैं एवं सभी ग्रामीण तथा निम्न वर्ग के हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## ईरान की दादागिरी होगी खत्म!

# अब होर्मुज को बाईपास कर इजरायल बनाएगा नया रूट

नई दिल्ली/ एजेंसी



मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को सुरक्षित करने के लिए एक क्रांतिकारी प्रस्ताव पेश किया है। नेतन्याहू ने घोषणा की है कि दुनिया को तेल और गैस की आपूर्ति के लिए अब ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफहोर्मुज पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। उनके नए प्लान के मुताबिक, तेल और गैस का प्रवाह अब इजरायल के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा का एक नया अध्याय शुरू होगा। नेतन्याहू ने इस नए प्लान के तहत अरब प्रायद्वीप के पार इजरायली बंदरगाहों तक एक विशाल पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव रखा है। यह पाइपलाइन अरब प्रायद्वीप से पश्चिम की ओर होते हुए इजरायल और फिर भूमध्यसागरीय बंदरगाहों तक जाएगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और खाड़ी के अन्य जलमार्गों में मौजूद 'चोक पॉइंट्स' के खतरों को हमेशा के लिए समाप्त करना है। नेतन्याहू का मानना है कि इससे न केवल सप्लाई बाधित होने का डर खत्म होगा, बल्कि एक नई ग्लोबल सप्लाई चेन का निर्माण भी होगा। यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब इजरायल ने हाल ही में ईरान के मुख्य गैस क्षेत्र, साउथ पार्स पर हमला किया है। इस हमले ने मिडिल ईस्ट में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है और वैश्विक बाजार में ईंधन की कीमतों में भारी उछाल ला दिया है। नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि यह रणनीतिक बदलाव युद्ध खत्म होने के तुरंत बाद शुरू किया जा सकता है।

### सरके चुनर' गाने पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान, नोरा फतेही और संजय दत्त समेत 5 लोगों को भेजा समन

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 'सरके चुनर तेरी सरके' गाने में अश्लीलता और अभद्रता के आरोपों से संबंधित मीडिया रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में अभिनेत्री नोरा फतेही, रकीब आलम, अभिनेता संजय दत्त, वेंकट के. नारायण (निर्माता, केवीएन समूह) और किरण कुमार (निर्देशक) को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से इस मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर

## राज ठाकरे ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

# ईरान का साथ न देकर भारत ने की गलती......



**नई दिल्ली।** मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने ईरान-इजरायल युद्ध का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भारत ने ईरान का साथ न देकर बड़ी गलती की है। इसके नतीजे भविष्य में देखने को मिलेंगे और भारत को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने सरकार पर यह कहते हुए हमला बोला है कि युवाओं को मोबाइल के मनोरंजन में उलझा दिया गया है, ताकि सरकार से कोई सवाल पूछ न सके। राज ठाकरे दादर के छत्रपति शिवाजी पार्क मैदान में गुढ़ी पाड़वा के अवसर पर पार्टी स्थापना दिवस रैली को संबोधित कर रहे थे। शिवसेना (यूबीटी) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे से गठबंधन के बाद मनसे की यह पहली रैली थी। राज ने ईरान-इजरायल युद्ध पर कहा कि आज गैस की समस्या खड़ी हो गई है।

## टीएमसी ने जारी किया घोषणा पत्र

# युवाओं को पॉकेट मनी, महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये- ममता

कोलकाता/ एजेंसी



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे एकजुट हों और बंगाल को बचाने के लिए बीजेपी के खिलाफ लड़ें। अगर केंद्रीय एजेंसियां आपको डराने की कोशिश कर रही हैं, तो डरें नहीं। अगर वह आपको पैसे देने की कोशिश कर रही हैं, तो पैसे न लें। वह पैसे और हथियार लाते हैं, सीमावर्ती इलाकों से माफिया लाते हैं और यहां अशांति और दंगे भड़काने की कोशिश करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं बंटवारे वाली राजनीति नहीं कर रही हूं। हिंदू, मुसलमान, सिख और ईसाई, सभी एक समान हैं। घोषणा पत्र जारी करते हुए पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत, सामान्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये मिलेंगे और एससी/ एसटी वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,700 रुपये मिलेंगे। जो युवा बेरोजगार हैं, उन्हें पॉकेट मनी के तौर पर हर महीने 1,500 रुपये मिलेंगे। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी जानकारी साझा की उन्होंने लिखा कि मैं बंगाल के लिए अपनी 10वीं 'प्रतिज्ञा' विनम्रतापूर्वक प्रस्तुत करता हूँ, ताकि मेरी सरकार के चौथे कार्यकाल में विकास की गति निरंतर बनी रहे।

### अमेरिका-इजरायल जंग के बीच ईरान ने भारत को कहा शुक्रिया, फिर अचानक डिलीट कर दी पोस्ट

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे भीषण युद्ध के बीच एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। भारत स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर चिकित्सा मदद भेजने के लिए भारत का आभार जताया, लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर अचानक उस पोस्ट को डिलीट भी कर दिया। इस रहस्यमयी घटनाक्रम ने कूटनीतिक हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब भारत सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर ईरान को कोई मदद नहीं भेजी जा रही है।

## मैं हमेशा आपका साथी बनकर रहूंगा

# जनता को यूडीएफ पर पूरा भरोसा बदलाव के लिए तैयार-राहुल गांधी

नई दिल्ली/ एजेंसी



केरल में चुनाव का एलान हो गया है। चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि केरल के लोग अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में यूडीएफ की सरकार बनाने की वकालत की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा 'टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि हर उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, उनकी उम्मीदों और उनके भरोसे को दर्शाता है। इस टीम में अनुभवी नेताओं के साथ-साथ बदलाव लाने वाले युवा चेहरे भी शामिल हैं। यह पुरुषों और महिलाओं का एक ऐसा मजबूत समूह है, जो अपने चुनाव क्षेत्र की बारीकियों और समस्याओं को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने केरल से अपने खास लगाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए केरलम एक घर की तरह है और वहां के लोग मेरा परिवार हैं। केरल के लोगों ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है और मुझे जितना प्यार और अपनापन दिया है, उसके लिए मैं उनका कर्जदार हूं। मैं हमेशा आपका साथी बनकर रहूंगा।' लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि केरलम से मिलने वाला संदेश बिल्कुल साफहै। लोग बदलाव के लिए तैयार हैं। वे एक ऐसी सरकार की तलाश में हैं जो उनकी बात सुने, उनकी समस्याओं को समझे और ईमानदारी के साथ काम करके दिखाए।

## प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में उछाल

# आज से 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगे हुए स्पीड और पावर पेट्रोल

नई दिल्ली/ एजेंसी



तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये से बढ़कर 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह, दिल्ली में थोक औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये से बढ़कर 109.59 रुपये प्रति लीटर हो गईं। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार, 19 मार्च 2026 को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, बाद में ये लगभग 108 डॉलर प्रति बैरल पर वापस आ गईं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि प्रीमियम श्रेणी कुल पेट्रोल बिक्री का केवल दो से चार फीसदी है। सरकार आम आदमी पर कोई मूल्य वृद्धि का बोझ नहीं डालना चाहती है। तेल कंपनियां स्वतंत्र रूप से मूल्य निर्धारण का निर्णय लेती हैं। सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों को विनियमित नहीं करती है। पेट्रोल और डीजल का मूल्य निर्धारण क्रमशः 2010 और 2014 में विनियमित किया गया था। तब से तेल विपणन कंपनियां कीमतें तय करती हैं। सरकार वैश्विक तेल बाजारों की बारीकी से निगरानी कर रही है। फिलहाल खुदरा ईंधन कीमतें बढ़ाने की कोई तत्काल योजना नहीं है। तेल विपणन कंपनियों से मौजूदा लागत दबाव को अवशोषित करने की उम्मीद है। खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से स्थिर हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी कंपनियों ने नुकसान उठाया। जब कच्चे तेल की कीमतें अधिक थीं, तब उन्होंने नुकसान झेला और कम होने पर लाभ कमाया। वित्त वर्ष 2024 में इन कंपनियों ने रिकॉर्ड 81,000 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 फीसदी आयात करता है। डीलरों के माध्यम से प्राप्त जानकारी में कहा गया है, इस ताजा मूल्य वृद्धि का सीधा असर प्रमुख तेल कंपनियों के ब्रांडेड ईंधनों पर देखने को मिला है। इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचसीएल) का 'पावर पेट्रोल' और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का 'एक्सपी95' शामिल हैं, जिनकी खुदरा कीमतों में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रीमियम पेट्रोल का उपयोग मुख्य रूप से वाहनों में बेहतर इंजन परफॉर्मेंस और अधिक माइलेज प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जाता है।

### रुपये की ऐतिहासिक गिरावट हुआ.....

वैश्विक अस्थिरता के कारण घरेलू बाजार में डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया भी ऐतिहासिक गिरावट के साथ 93 रुपये के पार चला गया है। इस महा-गिरावट ने आयातित तेल की लागत को और अधिक बढ़ा दिया है जिससे तेल कंपनियों पर भारी आर्थिक दबाव बढ़ गया है। एलपीजी सिलेंडर के संकट के बाद अब प्रीमियम पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी के बजट को बिगाड़ना शुरू कर दिया है। कच्चे तेल के संकट ने न केवल परिवहन बल्कि घर खरीदारों के बजट को भी बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में निर्माण लागत बढ़कर 2780 रुपये प्रति वर्ग फुट तक पहुंच गई है जो आम जनता के लिए बहुत चिंताजनक है। सप्लाई चेन टूटने से हर क्षेत्र में महंगाई का असर साफतौर पर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है जिससे लोगों की बचत कम हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 91 मनोकामना ज्योत से जगमगाया शक्तिधाम महाकाली मंदिर, नवरात्र में उमड़ा आस्था का सैलाब



**राजनांदगांव।** चैत्र नवरात्र की शुरुआत के साथ ही शक्तिधाम महाकाली मंदिर (बाबूटोला, वार्ड क्रमांक 1) में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर परिसर 91 मनोकामना ज्योत कलशों की रोशनी से जगमगा उठा है। हर साल की तुलना में इस बार भक्तों की संख्या और उत्साह दोनों में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। मंदिर में इस बार सात दिवसीय वैदिक महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है, जो जिले में पहली बार हो रहा है। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि पिछले वर्षों में 71 ज्योत कलश जलाए जाते थे, लेकिन इस बार 91 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई हैं। दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, उत्तरप्रदेश और वनांचल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन 19 मार्च से ही मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की कतारें लगने लगीं। जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। पंचमी तिथि पर मां महाकाली का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। भक्तों की मांग पर 24 मार्च (षष्ठी) को जस झांकी का आयोजन भी किया जाएगा, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। मंदिर समिति के अनुसार हर साल मनोकामना ज्योत और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो लोगों की गहरी आस्था को दर्शाती है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा, साफ-सफाई और दर्शन व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवकों की टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

### सैमसंग अगले सप्ताह भारत में लॉन्च करेगा गैलेक्सी ए 57 और गैलेक्सी ए 37

**गुरुग्राम।** सैमसंग भारत में अपनी अगली पीढ़ी के गैलेक्सी ए सीरीज़ स्मार्टफोन्स लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये नए स्मार्टफोन्स - गैलेक्सी ए 57 5 जी और गैलेक्सी ए 37 5 जी - अगले सप्ताह की शुरुआत में ही लॉन्च किए जा सकते हैं। इन नए स्मार्टफोन्स की सबसे बड़ी खासियत कम रोशनी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्नत कैमरा क्षमताएं होंगी। इन दोनों स्मार्टफोन्स में नए ए आई फीचर्स मिलने की भी संभावना है, जिन्हें सैमसंग ऑसम इंटेलिजेंस कहता है। गैलेक्सी ए 57 5 जी और गैलेक्सी ए 37 5 जी को धूल और पानी से सुरक्षा के लिए आई पी 68 ड्यूरेबिलिटी के साथ लॉन्च किया जा सकता है। उन्हें लंबे समय तक सिक्योरिटी अपडेट और ओ एस अपग्रेड मिलने की भी संभावना है, जो सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टफोन्स की एक प्रमुख पहचान है। गैलेक्सी ए 57 5 जी और गैलेक्सी ए 37 5 जी सैमसंग नॉक्स वॉल्ट के साथ आएंगे, जो ए आई के इस दौर में बेहतर डेटा सुरक्षा के लिए एक हार्डवेयर-आधारित तकनीक है। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए गैलेक्सी ए 57 5 जी और गैलेक्सी ए 37 5 जी में अपग्रेडेड प्रोसेसर, वाई फाई 6 ई और ब्लूटूथ 6 मिलने की संभावना है। ये नए डिवाइस किफायती कीमतों पर प्रीमियम फीचर्स लाने की सैमसंग की ग्राहकों के अनुकूल रणनीति को प्रदर्शित कर सकते हैं।

### होंडा ने भारत में दोपहिया वाहन उत्पादन क्षमता बढ़ाई, टपूकड़ा प्लांट में नई लाइन

**नईदिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि. (।ारूस्ढ्ढ), जो भारत में होंडा की मोटरसाइकिल उत्पादन और बिक्री सहायक कंपनी है, देश में दोपहिया वाहनों की बढ़ती और विविध होती मांग को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता के विस्तार को आगे बढ़ा रही है। एचएमएसआई अपने राजस्थान के अलवर ज़िले स्थित टपूकड़ा प्लांट में तीसरी नई प्रोडक्शन लाइन स्थापित कर अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ा रही है। यह उपलब्धि 'द पावर ऑफ ड्रीम्स' के प्रति एचएमएसआई की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य लाखों भारतीयों को अपने सपनों और लक्ष्यों को आत्मविश्वास के साथ पूरा करने के लिए सशक्त बनाना है। टपूकड़ा में नई प्रोडक्शन लाइन को 2028 में शुरू करने की योजना है, जिसकी वार्षिक क्षमता 6,70,000 यूनिट होगी। इस विस्तार के साथ, दूसरे प्लांट की कुल क्षमता बढ़कर 20.1 लाख यूनिट प्रति वर्ष हो जाएगी। यह पहल 2,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी।

# अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता : मेजबान छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 17-0 से पराजित किया

**राजनांदगांव।** मेजबान छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने आसान मैचो में अपनी विरोधी टीमों को हरा कर हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ1 हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता वेस्ट जोन सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव के मुख्य आतिथ्य, वार्ड पार्षद श्रीमति अमृता मोहन सेन की अध्यक्षता एवं फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, केसी त्रिपाठी साई प्रबंधक, ए. एक्का सहायक संचालक खेल युवा कल्याण विभाग, अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी परमजीत सिंह तथा मृणाल चौबे, जिला हाकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम चंद जैन, भूषण साव, छोटेलाल रामटेके पार्षद, सुश्री आशा थामस तथा महबूब कुरैशी, चंदन भारद्वाज, पंकज पांडे के विशिष्ट आतिथ्यि में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के उद्धघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने अपने उघबोद्धन में उपस्थित सभी सम्मानिय वरिष्ठजनों का स्वागत करते हुए कहा कि यह राजनादगांव के लिए गौरव की बात है कि विगत 1 सालों के अंतर्गत 4 बार इस प्रकार के आयोजन करने से खिलाड़ियों को अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलता आ रहा हैं। इस प्रकार के आयोजन कराने के लिए मैं हॉकी इंडिया व छत्तीसगढ़ हॉकी को साधुवाद देती हूं। राजनांदगांव पूरे विश्व में हॉकी नर्सरी के नाम से जाना जाता है, यहां के खिलाड़ियों में हॉकी के प्रति एक अलग ही जूनून देखने को मिलता है, मैं उम्मीद करती हूं कि आने वाले समय में यहां से अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निकलेगें, जो



शहर एवं प्रदेश का नाम रौशन करेगें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वार्ड की पार्षद अमृता मोहन सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

आयोजन समिति के सचिव व छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषाण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उक्त आयोजन का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया इस स्पर्धा से चयनित खिलाड़ियों का केंद्र सरकार की योजना के तहत यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें विशेष रूप से बालिका खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चारों जोन में अस्मिता हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। ऐसे आयोजन से हर खिलाड़ियों को खेल का प्रदर्शन दिखाने को मौका मिल रहा है। इस प्रतियोगिता के तहत पुरस्कार राशि का भी घोषणा की गई है, जिसके तहत प्रथम पुरस्कार 180000, द्वितीय पुरस्कार 144000, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार 90000 हजार रुपये रखी गई है। इस अवसर पर अतिथियों का पुष्पमाला व पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया गया। अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर प्रतिभागी खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी स्टेडियम में आज से प्रारंभ हुई अस्मिता वेस्ट जोन सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के प्रथम मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ ने हॉकी राजस्थान को 1 के मुकाबले 17 गोल से पराजित किया। छत्तीसगढ़ की ओर से टीम की मधु सिदार ने 13 गोल, प्रज्ञा साहू, काव्या सिंह ठाकुर, रिया खलखो, मनप्रीत कौर ने 1-1 ने गोल किया, वहीं राजस्थान की ओर से एक गोल मात्र पुष्पा कंवर ने किया।

दूसरे मैच में मध्य प्रदेश ने हॉकी महाराष्ट्र को असानी से 10-0 गोल से हरा कर धमाकेदार जीत दर्ज की मध्यप्रदेश की ओर से बैक खेल रही नौशीन नाज ने 5 गोल, अग्रिम पंक्ति की भाविका, साजिदा बेगम, प्रियांशी भंवर, केशर भाबर, गीताश्री मम्मी ने 1-1 ने गोल किया।

उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभिमन्यु मिश्रा, शकील अहमद, दिग्विजय श्रीवास्तव, किशोर धीवर, शिवा चौबे, तीरथ गोस्वामी, दिलीप रावत, योगेश द्विवेदी, सचिन खोब्रागढ़े, अभिनव मिश्रा, हारून खान, सुखदेव निर्मलकर, कार्तिक यादव, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मुंगेली(समय दर्शन)** समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में एकीकृत पुनर्वास केंद्र (नशामुक्ति केंद्र) द्वारा ग्राम रामगढ़ में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों एवं उसके सामाजिक, मानसिक और शारीरिक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

कार्यक्रम में युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सकारात्मक गतिविधियों की ओर




अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं नशामुक्ति केंद्र के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में नशामुक्ति केन्द्र के अधीक्षक सहित ग्राम में युवा मौजूद रहे।

# चौकबेड़ा में मनाया गया संत माता कर्मा जयंती

**महासमुन्द (समय दर्शन)।** ग्राम चौकबेड़ा में संत शिरोमणी कर्मा जयंती उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गांव के आदर्श जीवन ज्योति समिति के सदस्यों के नेतृत्व में मां कर्मा की छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौड़िया क्रमांक 2 के युवा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू जी थे।

अध्यक्षता सिंघी परिक्षेत्र के संयुक्त सचिव मोरजध्वज साहू एवं विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच सागर दीवान एवं समिति के संरक्षक एवं पंच मानसिंग महेश्वरी उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों को आदर्श जीवन ज्योति समिति के सदस्यों द्वारा श्रीफल एवं गमछा भेठ कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि



के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि मां कर्मा हम सभी के लिए प्रेरणादायी है हमें उनके बताए मार्ग में चलना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे श्री साहू ने कहा कि माता कर्मा त्याग, सेवा और समाज के उत्थान की प्रतीक रही है और उनके आदर्श आज की समाज को प्रेरणा देते है। इस दौरान अन्य अतिथियों ने भी उनके बताए मार्ग को याद करते हुए उनके बताए मार्ग में चलने का संदेश दियां।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष गीता महेश्वरी, उपाध्यक्ष दुर्गा बारले, सचिव मोतिम घृतलहरे, कोषाध्यक्ष माधुरी महेश्वरी, सह सचिव सावित्री बघेल, महामंत्री पूर्णिमा बांधे, सदस्य सरस्वती बंजारे, ईश्वरी रात्रे, कमला सोनवानी, खुमन बारले, सीमा बारले, पद्मनी कुर्रे, लतिका महेश्वरी, रूखमणी जोगी, प्रतिमा कुर्रे, तारण बारले सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# विकासखंड धमधा में उल्लास नवभारत महापरीक्षा के लिए संकुल समन्वयको का हुआ बैठक



**अहिवारा (समय दर्शन)।** विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में उल्लास महापरीक्षा 22मार्च 2026 के सफल क्रियान्वयन के लिए 45 संकुल समन्वयको का बैठक विकासखंड शिक्षाधिकारी श्री अथर्व शर्मा और विकासखंड श्रोत व्यक्ति श्री केशव पटेल के नेतृत्व में आयोजन हुआ। उल्लास नवभारत महा परीक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई।इस बार 1000 से अधिक शिक्षार्थियो को परीक्षा में धमधा विकासखंड पर सम्मिलित किया जायेगा शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए आमन्त्रित किया जाएगा, दीवार लेखन,जागरूकता रैली एवम् विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर प्रोत्साहित करने संकुल समन्वयक को निर्देश किया गया।स्वयंसेवी शिक्षक,ग्राम प्रभारी और शिक्षको के सहयोग से हर्षोल्लास के साथ फूलमाला ,तिलक लगाकर स्वागत करेंगे।यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक संचालित होगी। शत प्रतिशत शिक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में सम्मिलित करने हेतु विकासखण्ड शिक्षाधिकारी एवम् विकासखंड श्रोत समन्वयक ने निर्देशित किया।उक्त बैठक में विकासखंड शिक्षाधिकारी श्री अथर्व शर्मा, विकासखंड श्रोत समन्वयक श्री केशव पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री कैलाश साहू,श्री बेनी राम वर्मा जी,संकुल समन्वयक किशोर तिवारी, चित्रेण पटेल,सूर्यकांत हरदेल, सिद्धार्थ सिंह भुवाल, वीरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मी नारायण ठाकुर,दधीचि सिंह,राजेंद्र साहू,दिनेश साहू,टीकम वर्मा,निरेश कुमार पिपरिया,अजय सिंह,नीलम ताम्रकार,उमेश दिल्लीवार,विवेकानंद ताम्रकार सहित सभी सीएसी उपस्थित रहे।

# ईद-उल-फित्र भाईचारे और सोहार्द का पैगाम : हाजी रईस अहमद शकील

**राजनांदगांव।** जामा मस्जिद के सदर व मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि देशभर में शुक्रवार को चांद की पुष्टि.तस्दीक आधिकारिक घोषणा होने के बाद राजनांदगांव छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश भर में आज ईद मनाई जायेगी। 30 मुक्कमल रोज़े के साथ माह रमजान के मुकद्दस महीने का सफर खत्म हो चला है। ईद का दिन अल्लाह की नेमतों का शुक्र अदा करने और भाईचारे को मजबूत करने का होता है।

रईस अहमद ने कहा रमजान सिर्फरोजा रखने का ही नाम नहीं है, बल्कि रूह की पाकीजगी, सब्र का इम्तेहान और खिदमते खल्क का महीना है। यह महीना हमें अपने रब से जुड़ने, दिल को साफकरने और समाज के कमजोर तबकों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का पैगाम देता है। रमजान शरीफका असल पैगाम सब्र है। दिनभर की भूख-प्यास इंसान



को यह एहसास दिलाती है कि समाज में कितने लोग ऐसे हैं, जो रोजाना इसी हालात से गुजरते हैं, जब मुसलमान तीस दिन के रोजों में खुद भूखा रहता है, तो उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों का दर्द समझ में आता है। ये एहसास ही उसे दूसरों की मदद के लिए हौसला अफ्जाई करता है। इस महीने में जकात, सदका और फित्रा (दान) देने की खास हिदायत है, ताकि समाज में माली तवाजुन बना रहे और कोई भी शख्स भूखा न सोये। रमजान रहमत और बरकत का महीना है, इस महीने में की गई इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है।

हाजी रईस अहमद ने कहा कि रमजान एक ऐसा बा-बरकत महीना हैं, जिसका इंतेजार साल के ग्यारह महीने हर मुसलमान को रहता है। रोजा इंसान के जिस्म का जकात होता हैं, रोजदार इंसान के पूरे शरीर का रोजा होता है, जिसका मकसद ये भी है कि इंसान बुराई से जुड़ा कोई भी काम ना करें, कुल मिलाकर रमजान का मकसद इंसान को बुराइयों के रास्ते से हटाकर अच्छाई के रास्ते पर लाना है, इसका मकसद एक-दूसरे से मोहब्बत, प्रेम, भाईचारा और खुशियां बांटना है। रमजान का मकसद सिर्फ यही नहीं होता कि एक मुसलमान सिर्फ किसी मुसलमान से ही अपने अच्छे अखलाक रखे, बल्कि मुसलमान पर ये भी फर्ज है कि वो किसी और भी मजहब के मानने वालों से भी मोहब्बत, प्रेम, इज्जत, सम्मान, अच्छा अखलाक रखे, ताकि दुनिया के हर इंसान का एक-दूसरे से भाईचारा बना रहे।

# बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन प्रसव सुविधा शुरू, क्षेत्र की माताओं के लिए बड़ी सौगात

**बसना (समय दर्शन)।** बसना अंचल की स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन (ऑपरेशन द्वारा) प्रसव सुविधा की सफल शुरुआत कर दी गई है। यह सुविधा क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं, विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। अब जटिल एवं आपातकालीन प्रसव की स्थिति में महिलाओं को महासमुंद, रायपुर या अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर नहीं किया जाएगा।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों से संभव हो सकी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नन्दनवार के निर्देशन एवं सतत निगरानी में प्रारंभ की गई। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आवश्यक तैयारियां पूर्ण की।

डॉ. नारायण साहू के नेतृत्व में सफलता



मिली है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण साहू के कुशल नेतृत्व, नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रभावी टीमवर्क के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन थियेटर, आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफकी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसके परिणामस्वरूप सिजेरियन प्रसव सेवा को सफलतापूर्वक प्रारंभ किया जा सका इस सीजेरियन ऑपरेशन के सतत् मॉनिटरिंग हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे, डॉ ज्योति साहू ,डॉक्टर छत्रपाल चंद्राकर आरएमएनसीएचए सलाहकार संदीप चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस उपलब्धि में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिलाषा गौतम, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दयानंद होता , एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. राहुल कश्यप (अग्रवाल नर्सिंग होम बसना), नर्सिंग टीम से रैना रागनी व आकांक्षा इक्का एवं विकासखंड कार्य प्रबंधक डोलचंद नायक का विशेष योगदान रहा। पुरे टीम के सामूहिक प्रयासों से प्रथम सिजेरियन प्रसव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बसना में सिजेरियन सुविधा के तहत ग्राम भूकेल निवासी गंगा पटेल (27 वर्ष), पति रविन्द्र पटेल जिनका संभावित प्रसव की तिथि 9 मार्च 26 तय था का प्रसव सुरक्षित 20 मार्च 26 को 2 बजकर 8 मिनट में कराया गया है बच्चे का वजन 3 किलो 410 ग्राम है अभी मां एवं नवजात दोनों स्वस्थ हैं। और डाक्टरो की सतत निगरानी मे है।

बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन प्रसव सुविधा की शुरुआत क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे ग्रामीण महिलाओं को समय पर सुरक्षित उपचार मिलेगा और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार होगा। जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक सुलभ हों।

**कलेक्टर विनय कुमार लंगेह**

सिजेरियन प्रसव सुविधा शुरू होने से जिले की मातृ स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी। अब जटिल प्रसव मामलों में त्वरित उपचार संभव हो सकेगा, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को भी गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित मातृत्व सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाएं।

**डॉ.आई नागेश्वर राव**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुन्द**

आपातकालीन प्रसव मामलों में तुरंत इलाज संभव होगा- मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी गरीब एवं ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक व मानसिक राहत मिलेगी।

अभी केवल पूर्व नियोजित प्रसव कराये जाएंगे जल्दी ही इसका विस्तार सभी प्रकार के प्रसव के लिए विस्तार किया जायेगा जिससे यह सेवा सुरक्षित एवं प्रभावी रूप से संचालित की जा सकेगी।

ऑपरेशन निश्चय के तहत तिल्दा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों के परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तिल्दा नेवरा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 18 मार्च 2026 को थाना तिल्दा नेवरा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रेलवे ओवरब्रिज के नीचे, तिल्दा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपाकर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है तथा उसके फरार होने की संभावना है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर विधिवत् कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।




पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रज्वल किसन हुके, पिता किसन हुके, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 27, फुलफेल आनंद नगर, थाना एवं जिला वर्धा (महाराष्ट्र) बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक सफेद रंग के झोलानुमा थैले में रखा हुआ कुल 02 किलो 267 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,13,350 रुपये है, बरामद किया गया। आरोपी द्वारा उक्त गांजा को विशेष रूप से सिलाई कर पेट के ऊपर बांधकर कपड़ों से छिपाया गया था।

उक्त कृत्य अपराध पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध क्रमांक 120/2026, धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल रायपुर भेजा गया है।

कार्यवाही पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला रायपुर श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री प्रशांत शुक्ला एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (विधानसभा) श्री वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा निरीक्षक रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक बी.एल. देवांगन एवं पुलिस टीम के सदस्यों ङ्क प्रधान आरक्षक जालम साहू, आरक्षक महेन्द्र वर्मा, कुलदीपक वर्मा एवं बलराम वर्मा द्वारा इस सफल कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

## अलग-अलग क्षेत्रों से दोपहिया वाहन चोरी करने वाले 02 आरोपी एवं 01 अवैध चाबी निर्माता गिरफ्तार



**रायपुर।** रायपुर पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए थाना खम्हारडीह पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 02 शातिर आरोपियों एवं 01 अवैध चाबी निर्माता को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 11 नग दोपहिया वाहन जप्त किये गये हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 4,40,000/- है।

**मुख्य बिंदु:**

आरोपियों द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था।

थाना खम्हारडीह पुलिस की कार्यवाही।

आरोपी शातिर एवं प्रोफेशनल तरीके से वाहन चोरी करते थे।

आरोपियों की निशानदेही पर 11 नग दोपहिया वाहन बरामद।

कुल जप्ती मूल्य लगभग ?4,40,000/-।

थाना खम्हारडीह में 01 प्रकरण में धारा 303(2) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध।

अन्य वाहनों के संबंध में पृथक से वैधानिक कार्यवाही प्रचलित।

**घटना का विवरण:**

पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) श्री मयंक गुर्जर (भा.पु.से.) द्वारा क्षेत्र में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में दिनांक 19.03.2026 को थाना खम्हारडीह पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कचना स्थित शराब दुकान के पास कुछ व्यक्ति दोपहिया वाहन को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री आकाश मरकाम, सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री पूर्णिमा लामा एवं थाना प्रभारी खम्हारडीह डॉ. मानसी नानाभाऊ साकोरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तथा वाहन के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने वाहन चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के परिचित पुराने चोरों के साथ में वाहनों का अवैध तरीके से आसानी से चाबी बनाने वाले मोवा वाले शेख स्वालेह से चोरी हुई गाड़ियों की चाबी बनाना बताया।

आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से कुल 11 नग दोपहिया वाहन आरोपियों के कब्जे से जप्त किये गये।

## मगरमच्छ संरक्षण से बदली कोटमीसोनार की तस्वीर

**रायपुर।** मगरमच्छों के संरक्षण और पुनर्वास इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके तहत वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी और मगरमच्छ के संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ के जांजगीर-चांपा वनमण्डल के अंतर्गत स्थापित मगरमच्छ संरक्षण आरक्षिती केन्द्र, कोटमीसोनार आज वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण विकास और पर्यटन का सफल उदाहरण बनकर उभर रहा है। इस केन्द्र का निर्माण मगरमच्छों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से किया गया है।

मगरमच्छ की सभी प्रजातियाँ लुप्तप्राय नहीं हैं, लेकिन कुछ प्रजातियों की आबादी बहुत कम हो जाने के कारण, उनके प्रबंधन और सुरक्षात्मक कानूनों की आवश्यकता है। मगरमच्छ संरक्षण परियोजना भारत में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 भारत सरकार द्वारा शुरू की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य प्राकृतिक आवासों की रक्षा करना, कैप्टिव ब्रीडिंग के माध्यम से मगरमच्छों की संख्या को बढ़ावा देना और प्राकृतिक वातावरण में नवजात शिशु के जीवित रहने की कम दर का समाधान करना है।




वन विभाग द्वारा मगरमच्छ संरक्षण के लिए जांजगीर-चांपा जिला के ग्राम कोटमीसोनार स्थित मुड़ातालाब को चिन्हित कर जिले के विभिन्न तालाबों से मगरमच्छों को यहां लाकर सुरक्षित वातावरण में छोड़ा गया। वर्तमान में यहां लगभग 250 मगरमच्छ संरक्षित हैं। इस परियोजना की शुरुआत 9 मई 2006 को तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा शिलान्यास के साथ हुई, जबकि 23 अगस्त 2008 को तत्कालीन वन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा इसका लोकार्पण किया गया। करीब 57.037 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस केन्द्र में 34 हेक्टेयर कोर जोन और 23.037 हेक्टेयर बफर जोन निर्धारित किया गया है। वन विभाग ने इसे पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया है, जहां पर्यटकों के लिए पैगोडा, वॉच टावर, इंटरप्रिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया, चिल्ड्रन पार्क, ऊर्जा पार्क और 3-डी मिनी थिएटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

उल्लेखनीय है कि 1 नवम्बर 2015 से यहां पर्यटन शुल्क लागू किया गया है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण कोटमीसोनार गांव अब एक छोटे बाजार के रूप में विकसित हो रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को नियमित रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। मगरमच्छ संरक्षण आरक्षिती केन्द्र, कोटमीसोनार न केवल वन्यजीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, बल्कि पर्यटन के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रहा है। कोटमीसोनार स्थित मुड़ातालाब मगरमच्छ संरक्षण-पर्यटन केन्द्र तक पहुंच भी सुगम है। यह जांजगीर जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर तथा बिलासपुर से जयरामनगर होते हुए करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन जांजगीर-नैला (30 किमी), कोटमीसोनार (1 किमी), अकलतरा (9 किमी) और बिलासपुर (30 किमी) हैं।

## छत्तीसगढ़ में 6 दिवसीय फेम ट्रिप सफलतापूर्वक संपन्न, छत्तीसगढ़ पर्यटन को मिली नई दिशा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से राज्य के पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से 13 से 18 मार्च तक आयोजित 6 दिवसीय विशेष फेम (स्न्रूरू) ट्रिप सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह आयोजन राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच और पर्यटन को आर्थिक विकास के प्रमुख साधन के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस ट्रिप में देश के विभिन्न राज्यों—दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, चेन्नई, बेंगलुरु एवं अंडमान-निकोबार से आए लगभग 30 टूर ऑपरेटर एवं ट्रैवल एजेंट्स ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों को दो समूहों में विभाजित कर उत्तर एवं दक्षिण छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें राज्य की विविध पर्यटन संभावनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। उत्तर छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर, मैनपाट, रामगढ़ और जशपुर जैसे स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता एवं इको-टूरिज्म संभावनाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में कांगेर घाटी, कोंडागांव, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बारसूर एवं धुडमारास जैसे स्थलों के माध्यम से बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और प्राकृतिक वैभव का अनुभव कराया गया।




फेम ट्रिप के दौरान बस्तर स्थित विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात ने प्रतिभागियों को विशेष रूप से आकर्षित किया, जहां उन्होंने बोटिंग के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। चित्रकोट के प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन कर उन्होंने आध्यात्मिक अनुभव भी प्राप्त किया। इसके अलावा स्थानीय हाट-बाजारों का भ्रमण कर प्रतिभागियों ने जनजातीय जीवनशैली, पारंपरिक आयोजनों और सांस्कृतिक विविधता को करीब से समझा, जो छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान है। ऐतिहासिक नगरी बारसूर के बत्तीसा मंदिर एवं प्राचीन गणेश प्रतिमाओं का अवलोकन कर राज्य की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली।

राज्यपाल श्री डेका ने रक्षा विशेषज्ञों को छत्तीसगढ़ की विशेषताओं से कराया अवगत

## राज्यपाल से रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली के अध्ययन दल ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज रक्षा महाविद्यालय (NDC) नई दिल्ली के अध्ययन दल ने सौजन्य भेंट की। रक्षा महाविद्यालय द्वारा "National Security and Strategic Studies" विषय पर Understanding India Study Tour (UIST) के अंतर्गत 16 सदस्यों का दल 15 से 20 मार्च तक छत्तीसगढ़ भ्रमण पर था। अपनी यात्रा के अंतिम दिन आज इस दल ने राज्यपाल श्री डेका से मुलाकात की। अध्ययन दल में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारीगण, मित्र देशों के सेनाधिकारी तथा कुछ सिविल सेवाओं के अधिकारीगण शामिल थे। इस दल ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न पर्यटक स्थलों, जैसे-बारनवापारा अभ्यारण्य, ट्राइबल म्यूजियम, पुरखौती मुक्तांगन, बस्तर के विभिन्न जलप्रपात, कोन्डागांव के शिल्पग्राम इत्यादि का भ्रमण किया। राज्यपाल श्री डेका ने अध्ययन दल के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ एक सुंदर प्रदेश है। आप सभी दोस्तों और परिवार के सदस्यों को अपने भ्रमण और छत्तीसगढ़ की खूबसूरती के बारे में बताएं, ताकि वे भी पर्यटक के रूप में यहां आ सकें। उन्होंने छत्तीसगढ़ की विशेषताओं के बारे में अध्ययन दल से चर्चा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और यहां पर धान की प्रजातियों को संरक्षित करके रखा गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की शिल्प कला जैसे ढोकरा आर्ट, वुडन आर्ट, बैम्बु आर्ट के बारे में भी चर्चा की। इस प्रदेश में प्रतिभाशाली लोगों की भी कमी नही है, अमेरिका के ह्यूस्टन में छत्तीसगढ़ के हजारों सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपनी सेवाएं दे रहे है। इसके अलावा अमेरिका में बसे छत्तीसगढ़ के प्रवासी लोगों की संस्था नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (ह्रष्टत्र) अमेरिका में स्वदेशी मेले का आयोजन करते है, जहां पर छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने इस दौरान ऊर्जा के नवीनीकृत स्रोतों को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की बात कही। श्री डेका ने छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में भी अध्ययन दल को अवगत कराया।अध्ययन दल के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए छत्तीसगढ़ की सुंदर, संस्कृति, कला और परंपराओं की सराहना की। अध्ययन दल ने छत्तीसगढ़ के आतिथ्य की तारीफकरते हुए कहा कि यहां के लोग सीधे सरल और आत्मीय है। हम सभी को यहां आकर बहुत अच्छा लगा। अध्ययन दल के सदस्यों ने प्रदेश में संचालित लोककल्याणकारी योजनाओं जैसे महतारी वंदन, कृषक उन्नति योजना, नक्सल पुनर्वास नीति आदि की सराहना की।



## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में एक आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

**सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की घटना**

**रायपुर :-** थाना सरस्वती नगर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अप0 क्र0 16/2026 के तहत धारा 296, 351 (2),115 (2),137 (2), 64,127 (2), 3(5) बीएनएस एवं 04 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। घटना दिनांक 15.01.2026 के करीबन एक बजे प्रथिया के 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को तुम्हारी दीदी बुला रही है कह कर आरोपी अपने स्कूटी में बैठा कर अपने साथ सड्ड अपने घर ले गया जहाँ पर पीड़िता से अनाचार किया और घटना दिनाक से फरार हो गया था मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता को दिनांक 16.01.2026 को बरामद किया तथा विधिवत महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष उसका कथन दर्ज किया गया। पीड़िता के कथन के आधार पर पुलिस ने आरोपी खड़ाराजू उर्फ राजू सेन उर्फरेमंड पिता संतोष सेन (29वर्ष) निवासी गांधी नगर शिव मंदिर के पास शंकर नगर , थाना सिविल लाइंस जिला रायपुर को ओडिशा के धरमगढ़ से गिरफ्तार किया गया है जिसे दिनांक 18-03-26 को माननीय न्यायालय पेश किया गया है जहां से उसे केंद्रीय जेल रायपुर विरुद्ध किया गया है।

### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ आरोपी ईश्वर धृतलहरे गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर श्री अमरेश मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन निश्चय'' के तहत मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से उनकी खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छातिम सेहत के लिए बेहद खतरनाक मप्र की तरह क्या रोकेंग-सुनली सोनी

सुनील सोनी ने कहा कि रायपुर में लगे छातिम के पेड़ों से बीमारियां फैल रही हैं। इनको काटने के लिए आवेदन लगे हुए हैं। नई कॉलोनियों के साथ पुराने स्थानों पर क्या ये कटवाए जाएंगे? पर्यावरण मंत्री ने कहा मैं सांइटिस्ट नहीं हूं। रिसर्च पेपर निकलवाकर समझने की कोशिश करता हूं। भूपेश बघेल ने कहा कि इस काम के लिए सुनील सोनी की अध्यक्षता में एक कमेटी बनवा लें। कमेटी में कुछ विधायक एवं कुछ अधिकारी शामिल कर लिए जाएं। अगले विधानसभा सत्र में उस कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत हो जाए, फिर जो कदम उठाना है उठा लें। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि ऐसे वृक्ष जो जिंदा इंसान को भी ठूंठ बना दें किस काम के। उन्हें कटवा देना बेहतर रहेगा। सुनील सोनी ने कहा कि इस तरह के हरे भरे वृक्ष गर्मी में पानी भी खूब काफी सोंखते हैं। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि विषय बेहद गंभीर है। न मैं साइंटिस्ट हूं, न विधायक साइंटिस्ट हैं। एक टेक्नीकल टीम बनाएंगे व भविष्य में प्रतिबंध लगाएंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि बेशरम का पेड़ होता है, जिसकी लकड़ी गांव वाले खूब उपयोग करते हैं। इससे टीवी जैसी बीमारी फैलने का खतरा रहता है।

### विधानसभा में रिकेश सेन ने उठाया मामला-बजट में स्वीकृति के बाद भी नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र की नहीं बनी बिल्डिंग

ये संस्थान भारतीय उपचर्या परिषद (आई.एन.सी.) नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। इस संस्था में प्रतिवर्ष ऑनलाईन काउंसिलिंग के माध्यम से बारहवीं प्राप्तांको की प्रावीण्यता एवं जीवविज्ञान विषय वालों को प्राथमिकता के आधार पर विद्यार्थियों का चयन कर प्रवेश दिया जाता है। शासकीय प्रशिक्षण केन्द्र दुर्ग को नवीन भवन निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही दुर्ग जिलें में 01 शासकीय नर्सिंग कॉलेज संचालित है, जिसमें प्रतिवर्ष 65 (50+15) छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किये जाने का प्रावधान है। अतः क्षेत्र की जनता में किसी प्रकार का आक्रोश नहीं है। रिकेश सेन ने कहा कि जीएनएम हॉस्टल बेहद जर्जर हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग की अपनी कोई बिल्डिंग नहीं है। सैकड़ों बच्चे कई किलोमीटर पैदल चलकर यहां आते हैं। बिल्डिंग के निर्माण के लिए 14 करोड़ का बजट रखा गया है, पर उससे संबंधित पत्र कलेक्टर या विधायक के पास नहीं पहुंचा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 2026-27 के अनुमानित बजट में इसके लिए प्रावधान किए हैं। रिकेश सेन ने कहा कि 14 करोड़ की बात पिछले बजट में भी आई थी। लगता है सरकार का इस ओर ध्यान नहीं जाता। मंत्री ने कहा जीएनएम सेंटर पिछले कई दशकों से कार्य कर रहा है। 26-27 के बजट में दुर्ग के अलावा रायपुर के लिए भी स्वीकृति प्रदान की गई है। रिकेश सेन ने कहा कि आश्वस्त कर दें कि इस बार निर्माण कार्य का टेंडर होकर रहेगा। आपने डंके की चोट पर सुपेला क्षेत्र में लालबहादुर शास्त्री हॉस्पिटल को सौ बिस्तरों वाला हॉस्पिटल बनाने की भी बात कही थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने स्वास्थ्य को बेहद गंभीरता से लिया है। नर्सिंग कॉलेज हो या मेडिकल कॉलेज टेंडर होकर रहेगा।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन.नं- 0771-2535780, 90. फैक्स : 0771-2227395: ई-मेल :- sbmrmc2023@gmail.com

क्रमांक: 1112 / SBM /नपानि / 2025-26 रायपुर, दिनांक : 19/03/2026

**रूचि की अभिव्यक्ति ( तृतीय आमंत्रण )**

नगर पालिक निगम, रायपुर सीमा क्षेत्र के डी. के. एस. अस्पताल के पीछे स्थित शौचालय के संचालन एवं संधारण हेतु पे संस्था/व्यक्ति/ एनजीओ/स्वसहायता समूह द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु सीलबंद लिफाफे में एण्ड यूज आधार पर इच्छुक दिनांक 30/03/2026 सायं 5.00 बजे तक रूचि की अभिव्यक्ति के तहत् आमंत्रित है। संबंधित संस्थाए अपनी दरें केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। इस हेतु विभाग द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र दिनांक 26/03/2026 तक आवेदन शुल्क राशि रू. 500/- का रसीद कटवाकर मुख्यालय के स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त कर सकता है। तथा ईएमडी हेतु राशि रूपये 10000.00 का एफ्डीआर (आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से) संलग्न किया जाना होगा। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारियां कार्यालयीन समय पर स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त की जा सकती

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र ( वाहन ) को देवें।

**कार्यपालन अभियंता ( SBM )**
**नगर पालिक निगम**
**रायपुर ( छ.ग. )**

# संपादकीय

## रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया। पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है। बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे। अपनी खराब छवि के कारण ही रवि लामिछाने ने शाह को पार्टी का चेहरा बनाया। ये दांव कामयाब रहा। लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। आरएसपी की सरकार को मतदाताओं की ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बेरोजगारी, युवाओं के सामने अवसरहीनता, गरीबी और आम विकास की कसौटियों पर पिछड़ापन वे समस्याएं हैं, जिनका समाधान नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां नहीं ढूंढ पाईं। इसके लिए प्रयासरत होने के बजाय उनके नेता आलीशान जिंदगी जुटाने में लग गए। क्या आरएसपी उससे अलग संस्कृति और समाधान दे पाएगी, यह अब मुख्य प्रश्न है।

## नौकरशाही में भ्रष्टाचार का अध्याय नहीं

हरिशंकर व्यास

इस पहेली को सुलझाया जा रहा है कि एनसीईआरटी ने आठवीं क्लास के बच्चों को न्यायपालिका मे भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाने का फैसला किया तो शासन के बाकी अंगों या लोकतंत्र के बाकी स्तंभों के बारे में क्यों नहीं कुछ सोचा? क्या एनसीईआरटी की किताब तैयार करने वाली कमेटी की नजरों में लोकतंत्र के बाकी तीन स्तंभ पाक साफ हैं? उनके यहां भ्रष्टाचार नहीं है? कहीं ऐसा तो नहीं है कि पर्ची निकाल कर तय किया गया कि पहले न्यायपालिका का भ्रष्टाचार पढ़ाया जाएगा और उसके बाद बाकी स्तंभों के भ्रष्टाचार के बारे में बताया जाएगा? क्योंकि दुनिया भर में प्रेस फ्रीडम को लेकर काम करने वाली ज्यादातर संस्थाओं ने भारत में मीडिया कि रेटिंग काफी नीचे रखी है। भारत में मीडिया की विश्सनीयता भी बाकी संस्थाओं से कम है। सत्ता पक्ष के नेताओं ने सरकार पर सवाल उठाने वालों को टुकड़े टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल का टैग दे दिया तो दूसरी ओर विपक्ष ने सरकार का समर्थन करने वालों को गोदी मीडिया या भक्त मीडिया का टैग दे दिया। इसका मतलब है कि किसी की नजर में मीडिया विश्वसनीय नहीं है। लेकिन एनसीईआरटी ने मीडिया में भ्रष्टाचार या कंप्रोमाइज को लेकर पाठ नहीं तैयार किया।

इसी तरह जिस दिन 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' शीर्षक अध्याय को लेकर विवाद शुरू हुआ उसी दिन अखबारों के पहले पन्ने पर ओडिशा के माइंस डिपार्टमेंट के एक डिप्टी डायरेक्टर के यहां विजिलेंस विभाग की कार्रवाई की खबर थी। खबर के साथ तस्वीरें भी थीं, जिसमें चारों तरफ नोट ही नोट दिखाई दे रहे थे। डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी के यहां छापे में चार करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। इसके अलावा जमीन और फ्लैट के कागजात और जेवर आदि अलग से बरामद हुए। ऐसा नहीं है कि यह कोई अपवाद वाली खबर थी। यह सबसे रूटीन की खबर है। किसी क्लर्क के यहां या किसी चपरासी के यहां छापे में लाखों, करोडों रुपए की जब्ती बहुत आम बात है। बड़े नौकरशाह तो अरबों के आसामी होते हैं। फिर भी नौकरशाही में भ्रष्टाचार का अध्याय नहीं जोड़ा गया। क्या एनसीईआरटी की नजर में अधिकारी भी पवित्र गाय हैं?

प्रेस और कार्यपालिका के अलावा लोकतंत्र का सबसे प्रमुख स्तंभ विधायिका है। देश में आठ सौ से कुछ कम सांसद और चार हजार से कुछ ज्यादा विधायक हैं। पिछले दिनों कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक पांच लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार हुए। देश की हर पार्टी के कुछ न कुछ नेता किसी न किसी मामले में आरोपी हैं। जो जितना बड़ा नेता है उसके ऊपर उतने ज्यादा रुपए के घोटाले के आरोप हैं। अगर किसी किताब में विधायिका यानी विधायकों और सांसदों के भ्रष्टाचार का चैप्टर शामिल किया जाए तो देश के लोग आंख मूंद कर उस पर भरोसा करेंगे। लेकिन एनसीईआरटी ने विधायकों, सांसदों यानी विधायिका में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बच्चों के स्कूल में अध्याय नहीं प्रकाशित कराया। तभी बड़ी हैरानी की बात है कि सिर्फ न्यायपालिका को क्यों चुना गया? अगर लॉटरी या पर्ची निकाल कर यह फैसला नहीं हुआ कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक से किताब में अध्याय शामिल करना है और यह काम केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय, एनसीईआरटी और उसकी बनाई कमेटी ने नहीं किया तो निश्चित रूप से इसके पीछे किसी विदेशी साजिश के पहलू से सरकार को जांच करानी चाहिए। सरकार को कोई टूलकिट तलाशना चाहिए। विपक्षी पार्टी पर आरोप लग सकते हों तो उसको ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। ऐसा कहने का कारण यह है कि प्रधानमंत्री से लेकर शिक्षा मंत्री और एनसीईआरटी के निदेशक तक सब यही कह रहे हैं कि पता लगाओ किसने ऐसा किया!

# पृथ्वी पर जीवन के आधार स्तंभ हैं वन

योगेश कुमार गोयल

पृथ्वी पर जीवन की निरंतरता केवल मनुष्य या अन्य जीवों के अस्तित्व पर निर्भर नहीं करती बल्कि वृक्षों और वनों की उपस्थिति भी उतनी ही अनिवार्य है। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में जंगलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। वन केवल हरियाली का प्रतीक नहीं हैं बल्कि वे असंख्य जीव-जंतुओं के प्राकृतिक आवास, भोजन और सुरक्षा के आधार भी हैं। पृथ्वी पर जीवन के लिए सबसे आवश्यक तत्व ऑक्सीजन है और इसका सबसे बड़ा स्रोत वन ही हैं। पेड़-पौधे वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर उसे ऑक्सीजन में परिवर्तित करते हैं, जिससे पृथ्वी का पर्यावरण संतुलित बना रहता है।

वनों का महत्व केवल ऑक्सीजन तक सीमित नहीं है। वे वर्षा चक्र को बनाए रखने, तापमान को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव विविधता को संरक्षित रखने में भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। वृक्षों की जड़ें मिट्टी को मजबूती से थामे रखती हैं, जिससे भारी वर्षा के दौरान भी भूमि का क्षरण कम होता है और बाढ़ जैसी आपदाओं की संभावना घटती है। जंगलों की उपस्थिति पृथ्वी की जैव विविधता को जीवंत बनाए रखने में भी अहम है क्योंकि अनेक वनस्पतियां और जीव-जंतु केवल जंगलों में ही पनप सकते हैं।

दुर्भाग्य से बीते कुछ दशकों में दुनिया भर में वनों की अंधाधुंध कटाई ने इस प्राकृतिक संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। बढ़ती आबादी, औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और विकास परियोजनाओं के कारण जंगलों का क्षेत्र लगातार



सिकुड़ता जा रहा है। इसके साथ ही जंगलों में लगने वाली भीषण आग भी वनों के विनाश का बड़ा कारण बन रही है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों के अनुसार पिछले लगभग तीन दशकों में विश्व भर में करीब एक अरब एकड़ वन क्षेत्र समाप्त हो चुका है। एक समय पृथ्वी की लगभग आधी भूमि वनों से आच्छादित थी लेकिन आज यह क्षेत्र घटकर लगभग 30 प्रतिशत रह गया है। वनों के लगातार घटते क्षेत्र का असर मानव जीवन पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। जलवायु परिवर्तन, असामान्य मौसम, सूखा, बाढ़ और तापमान में वृद्धि जैसी समस्याएं उसी का परिणाम हैं। यदि वनों की संख्या कम होती रही तो भविष्य में स्वच्छ वायु, उपजाऊ मिट्टी और शुद्ध जल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं का संकट भी गहरा सकता है।

इन्हीं चिंताओं को ध्यान में रखते हुए पूरी दुनिया में लोगों को वनों के महत्व के प्रति जागरूक करने और उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हर वर्ष 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2012 में इस दिवस को औपचारिक रूप से घोषित किया था। इसके बाद से हर वर्ष यह दिवस संयुक्त राष्ट्र वन मंच और खाद्य एवं कृषि संगठन के सहयोग से मनाया जाता है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि यूरोप में वनों की तेजी से हो रही कटाई को लेकर चिंता के कारण 1971 में यूरोपीय कृषि परिसंघ की बैठक में वन दिवस मनाने का विचार सामने आया था।

अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर हर वर्ष एक विशेष विषय भी निर्धारित किया जाता है, जिसके माध्यम से वनों के महत्व को नए दृष्टिकोण से समझने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस की थीम 'वन और अर्थव्यवस्थाएं' रखी गई है, जिसका उद्देश्य यह रेखांकित करना है कि वन केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं हैं बल्कि वैश्विक आर्थिक समृद्धि के महत्वपूर्ण आधार भी हैं।

वन जल संसाधनों की रक्षा करते हैं, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हैं और अनेक परागण करने वाले जीवों को आश्रय देते हैं, जो कृषि उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विशेष रूप से वन-आधारित समुदायों और आदिवासी समाजों के जीवन में जंगलों का महत्व अत्यधिक है। इसके साथ ही जंगल कार्बन को अपने भीतर संग्रहित करके जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में भी सहायक होते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरी दुनिया मिलकर वनों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए। 2021 में ग्लासगो में आयोजित जलवायु सम्मेलन में सौ से अधिक देशों ने वर्ष 2030 तक वनों की कटाई को रोकने का संकल्प लिया था। यदि इस संकल्प को गंभीरता से लागू किया जाए और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण तथा वन संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए तो पृथ्वी के पर्यावरणीय संतुलन को काफी हद तक सुरक्षित रखा जा सकता है। वास्तव में वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, पृथ्वी पर जीवन के आधार स्तंभ हैं। यदि इन्हें बचाने के लिए समय रहते प्रभावी प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य की कल्पना करना कठिन हो जाएगा।

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

ललित गर्ग

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं। इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो। इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा। हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकर्ताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है। इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है। निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन चुनावों में राजनीतिक दल संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें, चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता और दृढ़ता बनाए रखे तथा मतदाता जागरूकता के साथ मतदान करें, तो यह लोकतंत्र की शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रश्न यह है कि क्या हम इन चुनावों के माध्यम से एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर पाएंगे, जिसमें लोकतंत्र केवल मतपेटियों तक सीमित न रहकर शालीनता, सहिष्णुता और जनविश्वास की भावना को भी मजबूत करे। यही वह कसौटी है जिस पर इन चुनावों की सफलता या असफलता का वास्तविक मूल्यांकन किया जाएगा।

# नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार किस ओर

सौरभ वार्ष्णेय

बिहार की राजनीति एक बार फिर नए मोड़ पर खड़ी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सीट फतह कर चुके हैं. अब ऐसे में बिहार की राजनीति किस ओर करबट ले रही है, साफसाफदिख रहा है । भाजपा की कही बात सिद्ध होने जा रही है कि भाजपा का मुख्यमंत्री होना चाहिए। अब स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि राज्य की बागडोर अब किसके हाथों में सौंपी जाएगी। यह केवल नेतृत्व परिवर्तन का प्रश्न नहीं बल्कि शासन की निरंतरता, विकास की गति और राजनीतिक संतुलन का भी विषय है। वहीं क्या पर्ची निकाली जायेगी जैसा कि भाजपा नेतृत्व पहले भी कई राज्यों में विधायकों में से किसी एक की पर्ची निकालकर राजतिलक कर चुका है हालांकि गठबंधन के बाद भाजपा के लिए आसान नहीं रहेगा।



अब अगर नीतीश कुमार की पार्टी की बात करें तो सबसे पहले, जेडीयू के भीतर नेतृत्व की तलाश तेज होगी। पार्टी में कई चेहरे हैं लेकिन अनुभव, स्वीकार्यता और प्रशासनिक समझ के आधार पर ही अंतिम निर्णय होगा। साथ ही, सहयोगी दलों की भूमिका भी अहम हो जाएगी क्योंकि बिहार की सरकार गठबंधन की राजनीति पर टिकी है। ऐसे में सहमति से नेता का चयन करना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया हो सकती है।

दूसरी ओर, विपक्ष भी इस मौके को भुनाने की कोशिश करेगा। तेजस्वी के नेतृत्व में विपक्ष सरकार पर दबाव बनाने और अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने का प्रयास करेगा। यदि सत्तारूढ़ गठबंधन में किसी प्रकार की असहमति या नेतृत्व को लेकर भ्रम की स्थिति बनती है तो विपक्ष इसे जनता के बीच एक मुद्दा बना सकता है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन, सड़क, शिक्षा और कानून-व्यवस्था के क्षेत्रों में कई बदलाव देखे हैं। ऐसे में जो भी नया नेता सामने आएगा, उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती इन उपलब्धियों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने की होगी। साथ ही, उसे जनता के विश्वास को भी जीतना होगा, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी पूंजी होती है।

यह कहा जा सकता है कि नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार का दायित्व केवल किसी एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे नेतृत्व तंत्र पर होगा। एक मजबूत, समन्वित और दूरदर्शी नेतृत्व ही राज्य को स्थिरता और विकास के पथ पर बनाए रख सकता है।

बिहार विधानसभा की सीटों पर बात करें तो कुल सीटें: 243 है जिसमें बहुमत का आंकड़ा 122 है। दलवार सीट जिसमें भाजपा- 89, जेडी(यू) -85, एनडीए कुल ङ्क 174, राजद ङ्क 25, कांग्रेस -6, वाम दल (सीपीआई(एमएल), सीपीआई(एम)) - 3, महागठबंधन कुल- 34,एलजेपी (आरवी)- 19, एआईएमआईएम - 5, हैम(एस)- 5, आरएलएम- 4 सहित अन्य 2 हैं।

नीतीश कुमार के केंद्र में मंत्री बनने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। हालांकि, हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों—खासकर उनके राज्यसभा जाने की चर्चाओं—के बाद यह अटकलें जरूर तेज हुई हैं कि वे केंद्र की राजनीति में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। अगर वे राज्यसभा सदस्य बनते हैं तो सैद्धांतिक रूप से केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना संभव हो जाता है।

खैर यह तो भविष्य के गर्त में है कि बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा? भाजपा से अगर कोई आता है तो यह समय सही है क्योंकि बिहार एक संभावनाओं और चुनौतियों का प्रदेश है।

भारत के पूर्वी हिस्से में स्थित बिहार एक ऐसा प्रदेश है जिसकी पहचान इतिहास, संस्कृति और संघर्षों के अनूठे संगम के रूप में होती है। यह वही धरती है, जहाँ प्राचीन काल में ज्ञान और सभ्यता के केंद्र विकसित हुए—चाहे वह नालंदा विश्वविद्यालय हो या विक्रमशिला विश्वविद्यालय लेकिन आधुनिक समय में बिहार को अक्सर पिछड़ेपन और विकास की चुनौतियों के संदर्भ में देखा जाता है।

बिहार की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल युवा आबादी है। यह जनसंख्या यदि सही दिशा में मार्गदर्शित हो तो प्रदेश की तस्वीर बदल सकती है। कृषि यहाँ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है लेकिन उद्योगों का अभाव और रोजगार के सीमित अवसर युवाओं को पलायन के लिए मजबूर करते हैं। यही कारण है कि बिहार के श्रमिक देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी मेहनत का लोहा मनवाते हैं।राजनीतिक दृष्टि से भी बिहार हमेशा चर्चा में रहा है। नीतीश कुमार जैसे नेताओं ने सुशासन और विकास के मुद्दों को केंद्र में लाने की कोशिश की है लेकिन राजनीतिक अस्थिरता और गठबंधन की मजबूरियाँ अक्सर नीतियों की निरंतरता में बाधा बनती हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुधार के प्रयास हुए हैं, परंतु अभी भी लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

सामाजिक दृष्टिकोण से बिहार में बदलाव की एक नई लहर दिखाई दे रही है। महिलाओं की शिक्षा और सहभागिता बढ़ी है, पंचायत स्तर पर उनकी भागीदारी ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। वहीं, आधारभूत संरचना—सड़क, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी—में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि बिहार के सामने चुनौतियाँ कम नहीं हैं। भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था की स्थिति, और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर प्रयास करना होगा। बिहार एक विरोधाभासों का प्रदेश है जहाँ अपार संभावनाएँ हैं लेकिन उन्हें साकार करने के लिए ठोस इच्छाशक्ति और दीर्घकालिक दृष्टि की जरूरत है। यदि सही नीतियाँ और जनसहयोग मिल जाए, तो वह दिन दूर नहीं जब बिहार फिर से अपने गौरवशाली अतीत की तरह देश के विकास का अग्रदूत बन सकेगा। कहने का आशय है यह है कि ऐसी सरकार का प्रतिनिधित्व कोई करता है जिसकी केंद्र में सरकार हो और राज्य में भी हो तो विकास की संभावनायें अधिक प्रबल हो जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### संतूर ने असली चंदन लेप वाली अगरबत्ती के साथ नई श्रेणी में रखा कदम

**बिलासपुरः** विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग के प्रमुख ब्रांड संतूर ने असली चंदन लेप से बनी संतूर अगरबत्ती के साथ अगरबत्ती श्रेणी में प्रवेश किया है। यह लॉन्च घर के वातावरण सेगमेंट में संतूर के विस्तार को दर्शाता है, जो चंदन-आधारित उत्पादों के साथ ब्रांड के पुराने जुड़ाव को आगे बढ़ाता है। संतूर दशकों से अपने पर्सनल केयर पोर्टफोलियो में चंदन को शामिल करने के लिए जाना जाता है। इस लॉन्च के साथ, ब्रांड उस विरासत को अगरबत्ती में भी आगे बढ़ा रहा है। इसके फॉर्मूलेशन में मुख्य सामग्री के तौर पर असली चंदन लेप का इस्तेमाल किया गया है, जो पारंपरिक रूप से मंदिरों और घरों में प्रयोग होता आया है। संतूर अगरबत्ती श्रेणी तीन प्रकारों में उपलब्ध है–चंदन लेप, चंदन और मोगरा, तथा चंदन और केसर 7 इन सभी प्रकार को असली चंदन लेप से तैयार किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को जानी-पहचानी, पारंपरिक और लंबे समय तक रहने वाली खुशबू का अनुभव मिलता रहे। संतूर अगरबत्ती के बारे में बात करते हुए उषासिस साहा, विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग के जीएम ङ्कबिजनेस डेवलपमेंट ने कहा, ÷हमें असली चंदन लेप से बनी संतूर अगरबत्ती पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। संतूर की हर अगरबत्ती हमारी परंपरा का प्रतीक है–इसे उसी शुद्ध चंदन लेप से बनाया गया है, जो सदियों से मंदिरों और घरों को अपनी गहरी और पवित्र सुगंध से भरता आ रहा है। संतूर अगरबत्ती स्थानीय किराना दुकानों पर 125/120 ग्राम के ज़िपयुक्त पैक और 20 ग्राम के पैक में उपलब्ध होगी, और पूरी श्रृंखला में कुल सात अलग-अलग उत्पाद रूप (एसकेयू) होंगे। इस लॉन्च के साथ संतूर ने एक नई श्रेणी में प्रवेश करते हुए प्रामाणिकता और सामग्री-आधारित विशिष्टता पर अपने फोकस को और मजबूत किया है।

### क्रोमा की 'फेस्टिव मेगा डील्स' में कीमतों में 70% तक की भारी कटौती

**रायपुर।** भारत के विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड क्रोमा ने उगादी और गुढीपाडवा की खरीदारी के लिए तैयार ग्राहकों के लिए, टाटा समूह के भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने शानदार 'फेस्टिव ऑफर्स' की घोषणा की है। इस सेल का मुख्य आकर्षण हैं लैपटॉप्स, गेमिंग, एआई और डेली कंप्यूटिंग डिवाइसेज पर भारी बचत का मौका मिल रहा है। इसके साथ ही, चुनिंदा एयर कंडीशनर, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और अन्य होम अप्लायंसेज पर भी आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध हैं।

उगादी और गुढीपाडवा को नई शुरूआत का प्रतीक माना जाता है, ऐसे पर्व पर क्रोमा के ये ऑफर्स ग्राहकों के लिए नए और बेहतर फीचर्स वाले डिवाइसेज में अपग्रेड करने का एक शानदार मौका हैं। बैंक कैशबैक, एक्सचेंज बोनस, स्टूडेंट्स के लिए खास डिस्काउंट और आसान EMI जैसे कई बेहतरीन फायदों का लाभ ग्राहक उठा सकते हैं। यह इस सीज़न की सबसे शानदार इलेक्ट्रॉनिक्स सेल है, जो 31 मार्च तक सभी क्रोमा स्टोर्स पर चलेगी। इस फेस्टिव सीज़न में लैपटॉप डील्स की एक शानदार रेंज पेश की गई है, जिसमें हाई-परफॉर्मेंस गेमर्स से लेकर छात्रों और प्रोफेशनल्स तक, हर किसी के लिए यहां बेहतरीन विकल्प हैं। 'लैपटॉप बोनान्ज़ा' में आप आपने अपग्रेड करने के अनुभव को और भी फायदेमंद बना सकते हैं, क्योंकि यहां HP, Lenovo और ASUS जैसे ब्रांड्स के चुनिंदा NVIDIA RTX 50 सीरीज़ गेमिंग लैपटॉप पर 25% तक का एक्सचेंज बोनस मिल रहा है। इसके साथ ही, आप सबसे नए AI-पावर्ड लैपटॉप सहित चुनिंदा विंडोज लैपटॉप पर 20% तक के एक्सचेंज बोनस का लाभ भी उठा सकते हैं।

### दो साल या उससे पहले से जलकर नहीं जमा करने वालों को अधिभार (ब्याज) में मिलेगी 100 फीसदी छूट

**जगदलपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा में कुल 12 एजेंडों पर चर्चा की गई। जिसमें एजेंडा क्रमांक 10 को भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इस एजेंडे के अंतर्गत ऐसे जलकर दाताओं को राहत प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिन्होंने पिछले 2 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना जलकर जमा नहीं किया है। ऐसे सभी बकायेदारों को 30 अप्रैल तक का समय दिया गया है। जिसमें वे अपने बकाया जलकर का भुगतान कर सकते हैं।

इस योजना के तहत वन टाइम सेटलमेंट (ङ्मञ्जस्) लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत बकाया जलकर पर लगाए गए अधिभार (ब्याज) में 100 फीसदी छूट दी जाएगी अर्थात उपभोक्ता केवल मूल राशि जमा कर अपना बकाया समाप्त कर सकते हैं। महापौर संजय पाण्डे ने बताया कि इस विषय पर सदन में गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए एकमुश्त भुगतान कर अपना बकाया जलकर जमा करें। नगर निगम जलकार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा कि 30 अप्रैल तक दी जा रही यह 100 फीसदी अधिभार छूट योजना नागरिकों के लिए एक विशेष अवसर है।

# ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को करें सुदृढ़ – कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह

### बस्तर हेरिटेज मैराथन हेतु अधिकाधिक पंजीयन करवाने पर बल

### कमिश्नर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जल प्रदाय योजनाओं के समुचित संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में सभी क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए, इसके लिए संबंधित विभाग सतर्कता के साथ कार्य करें। कमिश्नर ने सुधार योग्य नल-जल योजनाओं तथा सोलर ड्यूल पंपों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही अभियान चलाकर हैंडपंपों की मरम्मत करने तथा आवश्यक राइजिंग पाइप एवं अन्य स्पेयर पार्ट्स की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता के अनुरूप अंदरूनी बसाहटों में नए हैंडपंप स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर आम जनता के लिए पर्याप्त संख्या में प्याऊ खोलने के निर्देश दिए, ताकि गर्मी में लोगों को सहज रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में कमिश्नर ने बस्तर हेरिटेज मैराथन आयोजन में अधिकाधिक धावकों को शामिल करने हेतु ज्यादा से ज्यादा पंजीयन करवाने पर बल देते हुए स्थानीय खेल संघों और संगठनों से समन्वय किए जाने कहा। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभाग स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर मॉनिटरिंग करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करें। साथ ही मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों की मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करें। कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने बैठक के दौरान राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए रिकार्ड रूम को निर्वाचन की स्ट्रांग रूम की तरह बनाने पर जोर देते हुए कहा कि अभिलेख डिजिटाइजेशन सहित स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखकर नियमित तौर पर दवाई का छिड़काव करें और अग्निशमन यंत्र की अनिवार्य रूप से व्यवस्था करें। रिकार्ड रूम के विद्युत कट-आउट बाहर लगे होने चाहिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण पर भी विशेष जोर दिया। कमिश्नर ने वनाधिकार पत्रों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत किए जाने कहा। वहीं राजस्व अभिलेखों और वनाधिकार पत्रों के अभिलेखों को रिकॉर्ड रूम में जमा करने की कार्यवाही में अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश दिए।

**मोतियाबिंद जांच एवं उपचार पर बल–** कमिश्नर ने मोतियाबिंद जांच एवं उपचार पर जोर देते हुए दोनों आंख में मोतियाबिंद पीड़ितों का पहले ऑपरेशन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित एसओपी के अनुसार ऑपरेशन थियेटर की उपलब्धता के आधार पर ही जिला अस्पताल में ऑपरेशन किया जाए या फिर मेडिकल कॉलेज जगदलपुर एवं कांकेर तथा महारानी अस्पताल के अम्बक नेत्र चिकित्सालय में भेजकर पीड़ितों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय करने के लिए संवेदनशीलता के साथ पहल किए जाने के निर्देश दिए। इस हेतु ग्राम पंचायतों से जानकारी एकत्र कर चिन्हांकन शिविर में दिव्यांगजनों का चयन करने सहित उनकी जरूरत के अनुरूप कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय किया जाए।

# सीईओ श्री गोकुल रावटे ने ग्राम पंचायतों का किया औचक निरीक्षण, आवास व जल संरक्षण कार्यों की ली विस्तृत समीक्षा



**जांजगीर-चांपा// समय दर्शन /** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे द्वारा जिले में संचालित शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत नवागढ़ एवं पामगढ़ अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नवागढ़ जनपद के सुकली, अकलतरी, अमोदा, भादा एवं गाड़ापाली तथा पामगढ़ जनपद के बारगांव, भवतरा एवं भदरा ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री रावटे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके आवासों का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर निर्माण की गुणवत्ता, भुगतान की स्थिति एवं कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिले।

उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत संचालित जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों का भी निरीक्षण किया। चेक डैम, सोखता गड्ढा एवं अन्य जल संचयन संरचनाओं का स्थल निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्यों की उपयोगिता, गुणवत्ता एवं दीर्घकालिक प्रभाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल संरक्षण कार्य केवल औपचारिकता न होकर स्थायी समाधान के रूप में विकसित किए जाएं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या को प्रभावी रूप से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने ग्रामीणों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को ÷विकसित भारत जी राम जी योजना÷ के उद्देश्यों, लाभों एवं उसके माध्यम से होने वाले ग्रामीण विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को गति देने तथा आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, पारदर्शिता बनाए रखने तथा शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

# बस्तर में बहेगी ज्ञान की गंगा

### जिला प्रशासन ने शुरू किया पुस्तक दान अभियान

### कलेक्टर आकाश छिकारा ने पुस्तक दान अभियान रथ को दिखाई हरी झंडी

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में शिक्षा और ज्ञान की नई अलख जगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक अत्यंत सराहनीय और अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। कलेक्टर आकाश छिकारा के कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार 19 मार्च से पूरे जिले में पुस्तक दान अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसका मुख्य लक्ष्य घरों की अलमारियों में रखी पुरानी और उपयोगी किताबों को उन जरूरतमंद हाथों तक पहुँचाना है जो संसाधनों के अभाव में ज्ञान की मुख्यधारा से दूर रह जाते हैं। इस पुनीत कार्य के लिए जिला प्रशासन ने समस्त आम जनता, जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों और विद्यार्थियों से एक भावुक अपील की है कि वे अपनी पुरानी ज्ञानवर्धक पुस्तकें, महापुरुषों की प्रेरणादायक जीवनियाँ और सामान्य ज्ञान की किताबें दान कर किसी विद्यार्थी के जीवन की दिशा बदलने में सहभागी बनें। प्रशासन का मानना है कि यह अभियान न केवल पुरानी किताबों को नया जीवन देगा, बल्कि समाज में दान की एक नई और बौद्धिक संस्कृति को भी विकसित करेगा। इस महाभियान को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन द्वारा एक विशेष पुस्तक दान रथ तैयार किया गया है, जिसे कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के पहले ही दिन उत्साह का माहौल देखा गया और शहर के पावर हाउस चैक, डोंगरीपारा, कोहकापाल, धरमपुरा और नया बस स्टैंड जैसे प्रमुख क्षेत्रों से होते हुए सिटी कोतवाली तक लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी पुस्तकें दान कीं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त गणेश राम सोरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने खुद भी इस मुहिम में योगदान दिया। सिलसिलेवार तरीके से यह अभियान अगले सात दिनों तक बस्तर के कोने-कोने में पहुँचेगा, जिसके तहत 20 मार्च को तोकापाल के एर्राकोट और करंजी क्षेत्रों में, 21 मार्च को बास्तानार और किलेपाल में तथा 22 मार्च को दरभा और तीरथगढ़ के अंचलों में यह रथ भ्रमण करेगा। इसी क्रम में 23 मार्च को बकावण्ड, 24 मार्च को लोहण्डीगुड़ा और अंतिम दिन 25 मार्च को बस्तर विकासखंड के भानपुरी और केशरपाल जैसे क्षेत्रों में सघन रूप से पुस्तकें संग्रहित की जाएंगी। एकत्रित की गई इन बहुमूल्य पुस्तकों को जिला ग्रंथालय एवं विकासखंड स्तर के पुस्तकालयों में पूरी संजीदगी के साथ संरक्षित किया जाएगा, ताकि वे जिज्ञासु पाठकों और जरूरतमंद विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के काम आ सकें। जन-सहयोग से खड़ी की जा रही यह ज्ञान की विरासत बस्तर के शैक्षणिक परिदृश्य में एक मील का पत्थर साबित होगी, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# तीन कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार







**जांजगीर-चांपा ///समय दर्शन //**जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। Anti Corruption Bureau (ACB) की टीम ने Chhattisgarh State Electricity Board (CSEB) के ग्रामीण कार्यालय में छापेमारी कर तीन कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण विद्युत कार्यालय में पदस्थ,JE राजेंद्र शुक्ला, AE विजय नोरगे, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय राठौर को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि तीनों अधिकारी ।।ञ्ज लाइन विस्तार के नाम पर आवेदक से अवैध रूप से घूस की मांग कर रहे थे।

शिकायत की पुष्टि होने के बाद ACB ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और रकम लेते ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम ने रिश्वत की रकम जब्त कर महत्वपूर्ण दस्तावेज भी कब्जे में ले लिए हैं।

फिलहाल ACB की टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है। इस कार्रवाई के बाद जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश गया है और आम लोगों ने ्रष्ट्रक्च की कार्रवाई का स्वागत किया ह

# पेंशनर समाज की पांच सूत्रीय मांग




**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (समय दर्शन )** जिले में छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज द्वारा अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज बुलंद की गई है। विभिन्न मांगों के समर्थन में पेंशनरों ने एक दिवसीय बैठक आयोजित कर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, प्रदेश कार्यालय रायपुर के आह्वान पर तहसील शाखा बिलाईगढ़-भटगांव एवं जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पेंशनरों ने एकजुट होकर अपनी प्रमुख मांगों को रखा।

**पेंशनरों की मुख्य मांगों में—** पेंशन भुगतान में लागू धारा 49(6) की प्रक्रिया समाप्त करने,1 जनवरी और 1 जुलाई से केंद्र के समान महंगाई भत्ता स्वीकृत करने,छठवें वेतनमान के तहत 01 जनवरी 2006 से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 32 माह के एरियर का भुगतान,सातवें वेतनमान के अनुसार 01 जनवरी 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को 27 माह के एरियर का भुगतान, तथा पेंशनर कल्याण निधि से चिकित्सा व्यय का भुगतान या कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मांग शामिल है।

इन सभी मांगों को लेकर पेंशनरों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जल्द निराकरण की मांग की है।

÷हमारी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर आज हम सभी पेंशनर एकजुट हुए हैं। सरकार से अनुरोध है कि हमारी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर राहत प्रदान करें।÷

# ग्राम पंचायत तुषार में 16 लाख के तटबंध निर्माण में भारी भ्रष्टाचार उजागर, मनरेगा कार्य में गड़बड़ी के आरोप

**सक्ति।** जिले के जैजैपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत तुषार में मनरेगा योजना के तहत लगभग 16 लाख रुपये की लागत से चल रहे तटबंध निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी, सामग्री में हेराफेरी तथा फर्जी मजदूरी भुगतान जैसी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, तालाब के तटबंध निर्माण कार्य में जहां गिट्टी, सीमेंट और रेत का उपयोग होना था, वहां सरपंच प्रमोद चंद्रा द्वारा बड़े-बड़े पत्थरों का उपयोग कर ऊपर से मसाला डालकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य के शुरुआती चरण में ही अनियमितताएं खुलकर सामने आने लगीं, जिससे पूरे निर्माण कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे।

**मॉनिटरिंग व्यवस्था पर उठे सवाल–**




इस पूरे मामले में जनपद पंचायत की मॉनिटरिंग व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। निर्माण कार्य की निगरानी के लिए जिम्मेदार तकनीकी सहायक हर्ष जैन की लापरवाही सामने आई है। जनपद मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम में इस प्रकार का भ्रष्टाचार होना अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि निगरानी व्यवस्था में कहीं न कहीं बड़ी चूक हो रही है।




**मजदूरी भुगतान में भी फर्जीवाड़े की आशंका–** ग्रामीणों और मजदूरों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में फर्जी हाजरी चढ़ाकर राशि निकालने की तैयारी की जा रही थी। जिन लोगों ने कार्य नहीं किया, उनके नाम पर मस्टर रोल तैयार कर भुगतान करने की योजना बनाई जा रही थी। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मनरेगा योजना में बड़े स्तर के घोटाले का संकेत हो सकता है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप–** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के निर्माण कार्यों में अक्सर कमीशनखोरी का खेल चलता है, जिसमें जिम्मेदार अधिकारी भी शामिल रहते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद कई मामलों में कार्रवाई नहीं होती और लेनदेन के बाद प्रकरण दबा दिए जाते हैं।

**कार्रवाई को लेकर उठ रहे सवाल–** मामला सामने आने के बाद अब लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त जांच नहीं हुई तो इस तरह की अनियमितताएं लगातार जारी रहेंगी। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर मामला औपचारिक जांच तक सीमित रह जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार कल्याण संघ ने अंगदान करने वाले हरीश राणा को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की




**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन।** नंदिनी अहिवारा:-पत्रकार कल्याण संघ नंदिनी अहिवारा के उपाध्यक्ष ईश्वर बारले एवं संघ के नेतृत्व में देश में पहली बार इच्छा मृत्यु में अंगदान करने वाले हरीश राणा को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित का कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें भाजपा के दुर्ग जिला उपाध्यक्ष नटवर लाल ताम्रकार ने कहा बहुत ही दुखद घटना है हरीश राणा की विदाई ऐसी थी की पत्थर दिल भी रो पड़ा 13 सालों से कोमा में वह रहे सुप्रीम कोर्ट द्वारा इच्छा मृत्यु की अनुमति दिए जाने के बाद उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली को सुनियोजित तरीके से हटाया गया ताकि व्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखा जाए मैं उन्हें नमन करता हूं भगवान से प्रार्थना करता हूं उनको अपने चरणों में स्थान दें इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पालिका के उपाध्यक्ष अशोक बाफ्ना भाजपा वरिष्ठ भूपेंद्र सिंह चंचल भावना नरेंद्र चौहान विनोद गंधर्व पत्रकार भाई सेंटी दास राकेश जसपाल कुंवर सिंह चौहान रवि शर्मा प्रदीप गोयल प्रदीप निर्मलकर संतोष चौहान एवं नगर वासियों ने हरीश राणा को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की,

### मां वृंदा देवी डिंडा कपाट धाम आगेसरा में चैत्र नवरात्र पर्व पर मनोकामना ज्योत प्रचलन किया गया एवं श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आज दूसरा दिवस




**पाटन।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मन वृंदावन में 204 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किया गया है साथ ही साथ श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आचार्य पंडित उत्कर्ष शर्मा जी ज्योतिषाचार्य एवं कथा वाचक केसरी मुख से श्रवण कराया जा रहा है इस कार्यक्रम में आसपास के भक्त जन मां वृंदा देवी के दर्शन उपरांत कथा का अनुष्ठान कर रहे हैं यह कार्यक्रम 25 मार्च 2026 तक चलेगी एवं 26 मार्च को महा अष्टमी हवन का कार्यक्रम एवं 27 मार्च महानवमी के दिन विसर्जन का कार्यक्रम संचालित किया गया है।

### मां महामाया मंदिर पाटन में भव्य कलश शोभायात्रा आज, श्रद्धालुओं को आमंत्रण




**पाटन ।** मां महामाया मंदिर पाटन में आगामी 21 मार्च 2026 को भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन सुबह 7:30 बजे महामाया मंदिर परिसर से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। शोभायात्रा का मार्ग महामाया मंदिर परिसर से शुरू होकर महावीर चौक, सुभाष क्लब, आजाद चौक, भरर चौक, आत्मानंद चौक, पुराना बस स्टैंड, पुलिस थाना और पुराना बाजार चौक होते हुए पुन: महामाया मंदिर परिसर में समापन होगा। आयोजक मां महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति, पाटन द्वारा सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से इस दिव्य यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया गया है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालु इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# मारवाड़ी युवा मंच बसना का सर्वसम्मति से निर्वाचन सम्पन्न

#### सुमित अग्रवाल अध्यक्ष,सचिव अंकुश अग्रवाल सचिव बनाये गये


अकुश अग्रवाल, सचिव


सुमित अग्रवाल, अध्यक्ष

**बसना (समय दर्शन)।** बसना नगर के अग्रसेन भवन में मारवाड़ी युवा मंच बसना शाखा का निर्वाचन कार्यक्रम सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें युवाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। निर्वाचन में सुमित अग्रवाल (छोटू) को अध्यक्ष, अंकुश अग्रवाल को सचिव, मुकेश अग्रवाल को सहसचिव तथा राकेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं आर्यन अग्रवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए शुभम अग्रवाल एवं भावेश अग्रवाल को सांस्कृतिक सचिव तथा क्रीड़ा गतिविधियों के संचालन हेतु शुभम अग्रवाल, नीरज अग्रवाल और निखिल अग्रवाल को क्रीड़ा सचिव की जिम्मेदारी दी गई। संगठन के विस्तार को ध्यान में रखते हुए अमित अग्रवाल को राष्ट्रीय सभा सदस्य तथा आयुष अग्रवाल एवं सचिन अग्रवाल को प्रांतीय सभा सदस्य बनाया गया। समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से सुरेश अग्रवाल को रक्तदान संयोजक, अनमोल अग्रवाल को आनंद सबके लिए संयोजक, आशीष अग्रवाल को अमृतधारा संयोजक और गोपाल अग्रवाल को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त संजय तायल को मीडिया प्रभारी तथा संदीप अग्रवाल (पिंटू) को गौसेवा एवं जीव दया का दायित्व दिया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजकुमार अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। निवृत्तमान अध्यक्ष सुमित सम्पत अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी संगठन को नई दिशा देगी। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमित अग्रवाल (छोटू) ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए समाजोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच आगे भी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, जिससे युवाओं में सकारात्मक सोच और ऊर्जा का संचार हो। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया

# शीतला मंदिर सेमरी में आस्था की ज्योत प्रज्ज्वलित, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़




**पाटन।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर क्षेत्र के ग्राम सेमरी स्थित शीतला मंदिर में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में माँ शीतला के भक्तों का तांता लगा हुआ है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

माँ शीतला ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में चैत्र नवरात्र पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर में कुल 118 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

नवरात्र के इस पावन पर्व पर ग्राम सरपंच कविता बीरेंद्र ठाकुर, उपसरपंच कन्हैया लाल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और सभी से माँ शीतला की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करने का आह्वान किया है। मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं।

# जिला न्यायालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

#### विद्यार्थियों को कानूनों की दी गई जानकारी




**मुंगेली(समय दर्शन)** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय में विधि के छात्र-छात्राओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती कंचन लता आचला ने विद्यार्थियों को महिलाओं के संरक्षण एवं सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध कानून, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित प्रावधानों सहित महिला हेल्पलाइन और शिकायत की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्यों, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की हेल्पलाइन, पॉक्सो एक्ट, यातायात अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध कानून एवं नवीन विधिक प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। शिविर में असिस्टेंट एलएडीसी श्रीमती दौपती कश्यप, विधि के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण तथा पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें समाज में विधिक जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना था।

# कलेक्टर ने लोरमी स्थित कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण



#### सीसीटीवी, महिला गार्ड व भोजन गुणवत्ता की ली जानकारी

#### छात्राओं से संवाद कर पढ़ाई के लिए किया प्रेरित

**मुंगेली(समय दर्शन)** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज लोरमी स्थित कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, महिला गार्ड सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उन्हें और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद कर भोजन की गुणवत्ता एवं मेनू के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला छात्रावास में पुरुषों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर ने आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के लिए छात्रावास में पुलिस के महत्वपूर्ण संपर्क नंबर प्रदर्शित करने तथा छात्रावास अधीक्षक का नंबर संबंधित थाने में पंजीकृत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं से उनकी शैक्षणिक प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने छात्राओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त शिवकुमार बांधे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फ्लावर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल खाती के 6 छात्रों ने नवोदय चयन परीक्षा में लहराया परचम, जिले में बनाए शीर्ष स्थान



**बेमेतरा :-** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान फ्लावर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल, खाती के लिए इस वर्ष अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि विद्यालय के 6 मेधावी विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (छ्वहङ्कस्ज्ञ) 2026 में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं अन्य विद्यार्थियों सहित कुल 21 छात्रों का चयन इस उपलब्धि को और भी गौरवपूर्ण बनाता है।

चयनित विद्यार्थियों में कुणाल (पिताङ्क श्री कल्याण साहू, ग्राम कंदई) ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राजू वर्मा (पिताङ्क श्री नरसिंह वर्मा, भीमपुरी) ने जिले में द्वितीय एवं शहरी क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया। आफरीन निशा (पिताङ्क श्री आलिम मोहम्मद, कारेसरा) ने सामान्य वर्ग में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। वहीं वंश धुर्वे (पिताङ्क श्री केशव धुर्वे, डंगनिया) ने एसटी वर्ग में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा मौलिका साहू (पिताङ्क श्री विश्राम साहू, अकोला) ने जिले में चौथा स्थान हासिल किया तथा जीविका साहू (पिताङ्क श्री रविकुमार साहू, जेवरा) ने भी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य श्री घनश्याम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को देते हुए विशेष रूप से गंगाधर साहू, रविशंकर साहू, रेवाराम साहू, मिस सुमन एवं मोनिका मैम के मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

विद्यालय के डायरेक्टर श्री जी. शंकर साहू ने कहा कि संस्था गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है, और यह सफलता उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# कलेक्टर ने चंदली पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**दवाओं की उपलब्धता, मशीनों की स्थिति व रजिस्टर संधारण की समीक्षा, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने दिए निर्देश**



**मुंगेली(समय दर्शन)** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज लोरमी विकासखंड के चंदली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने औषधि भंडार कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, महिला वार्ड एवं प्रसव कक्ष सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। कलेक्टर ने एएनसी सहित विभिन्न पंजियों एवं ऑनलाइन डेटा के संधारण की समीक्षा करते हुए उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एंटीवेनम एवं रेबीज टीकों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक दवाओं और टीकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गर्मी में हीट वेव को देखते हुए आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीबीसी मशीन की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने इसे शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही ईडीडी एवं संस्थागत प्रसव से संबंधित आंकड़ों की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं मिलना आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) को सभी पीएचसी एवं सीएचसी की ब्लॉकवार नियमित मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं कलेक्टर- कलेक्टर ने लोरमी में विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण-** नालंदा परिसर, आत्मानंद स्कूल व पुलिया निर्माण कार्यों का लिया जायजा, अधूरे कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश

मुंगेली कलेक्टर कुन्दन कुमार ने लोरमी क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नालंदा परिसर के लिए चिन्हांकित स्थल का अवलोकन करते हुए प्रस्तावित निर्माण के बिल्डिंग एलिवेशन एवं लेआउट का अवलोकन किया। उन्होंने प्रवेश द्वार, मुख्य भवन, गार्डन एवं पार्किंग व्यवस्था के लेआउट की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्माण स्थल पर सिटीजन इंफॉर्मेशन बोर्ड स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान लोरमी स्थित आत्मानंद स्कूल का भी जायजा लिया। उन्होंने सीएम के आगामी दौरे को ध्यान में रखते हुए अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा भवन निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा कलेक्टर ने लोरमी फोरलेन पर निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कलेक्टर ने कोटा-लोरमी-पंडरिया फोरलेन परियोजना का भी निरीक्षण कर ड्राइंग-डिजाइन का अवलोकन किया। उन्होंने सड़क की लंबाई एवं चौड़ाई की जानकारी ली। इस दौरान संबंधित एसडीओ ने बताया कि सड़क लोरमी से गोड़खाम्ही तक निर्मित की जाएगी। कलेक्टर ने दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में आवश्यक साइनएजेज लगाने के निर्देश देते हुए सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, एसडीओ पीडब्ल्यूडी सीएमएचओ डॉ. शीला साहा, बीएमओ लोरमी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भव्य तेरस मेला एवं मानस बसंत उत्सवः बरगा में उमड़ा आस्था का अपार जनसैलाब, धूमधाम से संपन्न

**थानखम्हरियाः-** मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा एवं मां बंजारी सेवा समिति बरगा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बरगा स्थित पावन बंजारी माता प्रांगण में आयोजित भव्य तेरस मेला एवं मानस बसंत उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, भक्ति भाव और सांस्कृतिक उत्साह के साथ देर रात तक धूमधाम से सम्पन्न हुआ। क्षेत्र भर से लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिन्होंने मां बंजारी माता के श्री चरणों में श्रद्धा पूर्वक दर्शन कर मेले का भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा, जहां मानस गान, जस गान, फाग गीतों और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया।

**कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ-** कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य नीलधर प्रसाद तिवारी, बंजारी समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल पाल, मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, ग्राम पटेल राजकुमार साहू, दुर्गेश साहू, सुनील कुमार वर्मा, माता सेवक पूनाराम वर्मा, लखन साहू, परमानंद साहू, जगदीश साहू, ग्रामीण रूपेश कुमार साहू एवं मेघूराम साहू द्वारा मां बंजारी एवं श्री रामचन्द्र जी की पूजन-अर्चन के साथ धूमधाम से किया गया। इस पूजन ने आयोजन को और भी पवित्रता प्रदान की।मंडलियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियांमंचीय कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियों ने अपनी भावपूर्ण एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दियाःमाई कृपा मानस मंडली हथमुड़ीविनय मानस मंडली तोराजय गंगा मां मानस मंडली नेवनाराजय दुर्गा मां मानस मंडली कोसपातरइनके मानस गान ने सभी को



श्री रामचरितमानस के प्रति श्रद्धा से भर दिया। वहीं शंकरनगर नवागढ़ से पधारे नरेन्द्र जायसवाल एवं महेश कुमार साहू ने शास्त्रीय शैली में भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को पूर्णतः मंत्रमुग्ध कर दिया। जस गायन एवं फाग गीतों ने बांध लिया देवी जस गायन की शानदार प्रस्तुति मां बंजारी एवं सरस्वती लक्ष्मी जस समिति पटेल पारा बरगा द्वारा मांदर की मधुर थाप पर की गई, जिसने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। फाग गीतों की प्रस्तुति में राष्ट्रपति सम्मानित कलाकार घनश्याम सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम तथा खैरझिटीकला की टीम ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इन प्रस्तुतियों ने बसंत के आगमन का संदेश देते हुए वातावरण को फागुन के रंग में रंग दिया।

**गणमान्य अतिथिगण का योगदान-** मां भद्रकाली मानस संघ के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष देवलाल सिन्हा, विशेष अतिथियों में उपाध्यक्ष छगन लाल साहू, सचिव नरेन्द्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष विष्णु साहू, संरक्षक राजकुमार ताम्रकार, राजेश वैष्णव कृष्णा साहू सहित पदाधिकारीगण का आगमन हुआ। बेमेतरा तहसील अध्यक्ष बिहारी लाल यादव, लखन वर्मा बेरला तहसील अध्यक्ष उत्तम कुमार साहू, शालिक राम साहू सनत राम साहू नवागढ़ तहसील अध्यक्ष महेश कुमार साहू, संतोष साहू, मनोज साहू, तहसील मानस संघ साजा से सीता पाटिल रविदास मानिकपुरी, आत्मा पटेल, विनोद साहू, डाकवर ठाकुर, दीपक सिन्हा एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। इनके सहयोग से आयोजन सफलता की पराकाष्ठा पर पहुंचा।आभार प्रदर्शन एवं समापनसमस्त अतिथियों, प्रतिभागी मंडलियों एवं दर्शकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन उत्तम कुमार साहू, रवि मानिकपुरी एवं डाकवर ठाकुर ने बखूबी किया। देर रात तक तेरस मनाते हुए फाग गीतों के साथ रंग-गुलाल लगाकर समारोह का भावपूर्ण समापन हुआ।यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्रीय सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का भी महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध हुआ। बरगा गांव में यह आयोजन आने वाले वर्षों के लिए यादगार बन गया।

## खबर-खास

### चेटीचंड की गूंज, झूलेलाल के जयकारों से माहौल भक्तिमय,सिंधी समाज ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**गरियाबंद।** शहर के मेन रोड स्थित पुराने एसपी ऑफिस के सामने चेटीचंड महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया,जहां सिंधी समाज के सभी वर्गों के लोगों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भागीदारी निभाई।कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल की विधिवत पूजा-अर्चना की गई,जिसके बाद मीठे शरबत और प्रसाद का वितरण कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, उल्लास और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

चेटीचंड पर्व सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और इसी दिन से सिंधी नववर्ष की भी शुरुआत होती है। यह पर्व चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान झूलेलाल का अवतार समाज में प्रेम, सद्भावना और भाईचारा स्थापित करने के लिए हुआ था।पौराणिक कथाओं के अनुसार,मिरखशाह नामक अत्याचारी शासक सिंधी समाज पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था।इससे मुक्ति पाने के लिए समाज के लोगों ने वरुण देवता की आराधना की।40 दिनों की कठोर तपस्या के बाद वरुण देव ने झूलेलाल के रूप में अवतार लेकर समाज को अन्याय और अत्याचार से मुक्ति दिलाई।इसी कारण इस दिन भगवान झूलेलाल की विशेष पूजा की जाती है।

कार्यक्रम में रामचंद्र मखीजा,अर्जुन रोहरा,रितेश रोहरा,शोभा रोहरा,आशीष रोहरा,सिया रोहरा, ग्रीशा रोहरा,आरती रोहरा,पूनम रोहरा,ज्योति रोहरा,मीना रोहरा, अंजली रोहरा, दिव्यम, प्रियम, किआरा, आभास, अंशिका, शौर्य, तृषा,ज्ञाना, समदृष्ट, गौतम माखीजा, सेवक माखीजा, कन्हैयालाल रोहरा, राकेश कुमार रोहरा,सुनील रोहरा,विकास रोहरा, रवि रोहरा और जयराम दास रोहरा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### ओडिशा प्रांत के 30 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**गरियाबंद।** पुलिस विभाग द्वारानया सवेरा अभियान अंतर्गत समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत नशे के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए थे।जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किए थे।जिन्हें 20 मार्च को मुखबिर से थाना देवभोग को सूचना मिला की ग्राम चिचिया में एक व्यक्ति अवैध रूप से उड़ीसा प्रांत के कच्ची महुआ शराब रखकर अवैध धन अर्जित करने के नियत से शराब बिक्री कर रहा है।मुखबिर द्वारा बताए गए सूचना के आधार पर ग्राम चिचिया में गवाहों के समक्ष रेड कार्यवाही किया गया।रेड कार्यवाही करने पर आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक जरीकेन में कुल 30 बल्क लीटर ओडिशा प्रांत की देशी कच्ची महुआ शराब जप्त की गई।

# निराई माता के दर्शन में हजारों की भीड़ जुटा, नवरात के पहली रविवार को मनाया जाता है जात्रा

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर धमतरी जिले के ग्राम मोहेरा के समीप माता निराई धाम में रविवार के सुबह पांच बजे से ही हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ दर्शन को लेकर जमा हुए। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मोहेरा के सैकड़ो फिट ऊपर पहाड़ी पर विराजमान माता निराई पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी प्रसिद्धि लिए हुए जहाँ लोग अपनी मिन्नत लेकर वर्ष भर आते है और मिन्नत पूरी होने पर चैत्र नवरात के पहले रविवार को जात्रा मनाया जाता है उस अवसर पर भक्त अपनी श्रद्धा से नारियल नींबू दसमत फूल और फल चढ़ाकर अपनी आस्था प्रकट करते है।उसी के तहत नवरात के प्रथम रविवार होने के चलते हजारों लोग सुबह पांच बजे से ही माता के दर्शन और प्रसाद चढ़ाने माता के स्थान में जुटेंगे।

**निराई माता का पहला दर्शन-** साल में सिर्फ5 घंटे के लिए खुलता है ये मंदिर, स्वयं प्रज्जवलित होती है ज्योत,,,,,,देश के अन्य मंदिरों में जहां दिन भर माता रानी के दर्शन होते हैं,वहीं यहां सुबह 4 से 9 बजे तक यानी केवल 5 घंटे ही माता के दर्शन किए जा सकते हैं।केवल 5 घंटे के लिए खुलने वाले मंदिर में दर्शन करने हर साल हजारों लोग पहुंचते हैं। इस देवी मंदिर की विशेषता यह है कि यहां हर साल चैत्र नवरात्र के दौरान स्वतः ही ज्योति प्रज्वलित होती है। इस दैवीय चमत्कार की वजह से लोग देवी के प्रति अपार श्रद्धा रखते हैं।

**बिना तेल और घी के जलता है इस मंदिर में ज्योत,,,**निराई माता का मंदिर जहाँ स्वयं प्रज्जवलित होती है।ज्योत निराई माता का मंदिर जिसकी खासियत यह है कि हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान देवी स्थल पहाड़ियों में अपने आप से ज्योत प्रज्वह्लित होती है जो लोगो में आस्था बढ़ाता है,साथ ही आज तक एक रहस्य बना हुआ है.अपने आप प्रज्जवलित होने वाली ज्योत को लेकर



लोगों की मान्यता है कि यह सब निराई देवी का ही चमत्कार है इसलिए चैत्र नवरात्रि में पूरे नौ दिन तक बिना तेल के ही ज्योत जलती रहती है।यह एक प्राचीन मंदिर है निरई माता मंदिर।यह मंदिर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित है।जिला मुख्यालय से 12 कि.मी.दूर सोढ़ूल,पैरी नदी के तट पर बसे ग्राम पंचायत मोहेरा के आश्रित ग्राम निरई की पहाड़ी पर विराजमान निरई माता श्रद्धालुओं एवं भक्तों का आकर्षण का केंद्र है।यह मंदिर देवी भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र है।निरई माता मंदिर में सिंदूर, सुहाग श्रृंगार,कुमकुम,गुलाल,बंदन नहीं चढ़ाया जाता है,वही नारियल और अगरबत्ती से माता को मनाया जाता है।

**माता पर लोगों का अटूट विश्वास,,,,**इस पहाड़ी पर बसनेवाली माता निराई के लिए लोगों में अपार श्रद्धा और विश्वास है।इस मंदिर में महिलाओं को प्रवेश और पूजा-पाठ की इजाजत नहीं हैं,यहां केवल पुरुष पूजा-पाठ की रीतियों को निभाते हैं.महिलाओं के लिए इस मंदिर का प्रसाद खाना भी वर्जित है,खा लेने पर कुछ न कुछ अनहोनी हो जाती है.

**निरई माता मनोवांछित फल देने वाली माता,,,,**माना जाता है कि निरई माता मनोवांछित फल देने वाली हैं।प्राकृतिक छटा के बीच चारों ओर फैली पर्वत श्रृंखलाओं व पर्वत की चोटी पर स्थित निरई माता भक्तों को भय एवं दुखों से दूर रखती है।माता की बुराई या शराब सेवन किए हुए व्यक्ति को मधुमक्खियों का कोप भाजन बनना पड़ता है। वर्ष में एक दिन ही माता निरई के दरवाजे आम लोगों के लिए खोले जाते हैं।

**साल में सिर्फ़5 घंटे होते है माता के दर्शन,,,,,,**यह मंदिर अंचल में देवी भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र है।निरई माता में सिंदूर, सुहाग, श्रृंगार, कुमकुम, गुलाल,ब ंदन नहीं चढ़ाया जाता। नारियल, अगरबत्ती,से माता को मनाया जाता हैं।देश के अन्य मंदिरों में जहां दिन भर मातारानी के दर्शन होते हैं वहीं यहां सुबह 4 बजे से सुबह 9 बजे तक यानि केवल 5 घंटे ही माता के दर्शन किए जा सकते हैं।केवल 5 घंटे के लिए खुलने वाले मंदिर में दर्शन करने हर साल हजारों लोग पहुंचते हैं।इन सब के साथ चैत्र नवरात्र के पहले रविवार से माता निराई के नाम से जात्रा पर्व प्रारम्भ होता है जिसमे भक्त अपनी मिन्नत पूरी होंने पर प्रसाद चढाने आते है जिसके चलते प्रथम रविवार को इस स्थान में हजारों की संख्या में लोगो की भीड़ रही।बहरहाल भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिसप्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम भी किए जाते हैं।माता के चमत्कार की गाथा ही भक्तों को उनके दरबार तक खींच लाती है।

# ब्रिलिएंट और विवाद साझा संबंध

### कोरबा डीईओ ने भी जारी किया नोटीस

**कोरबा/बिलासपुर, 20 मार्च 2026।** लगता है ब्रिलियंट जहां भी है वहां छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करता है। कोरबा के डीईओ ने भी इन्हें नोटिस थमा दिया है। और दो दिन के भीतर दस्तावेज उपलब्ध करने को कहा है मामला मान्यता के संबंध में ही है। बताया जाता है कि कोरबा का ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल अपनी शुरुआती दौर से ही विवाद के घेरे में है। पहले विवाद भूमि के ही दस्तावेजों को लेकर ही है। और यह आरोप तो उनके परिजनों ने ही लगाएं मामला कोर्ट तक गया था। अग्रवाल परिवार का कॉलोनाइजिंग और शिक्षा के धालमेल का पुराना शौक है। अविभाजित मध्य प्रदेश




के समय कोनी रोड, कुक्कुट पालन परिक्षेत्र के पीछे एक उच्च मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए कॉलोनी का प्रोजेक्ट आया था। कॉलोनी के साथ 3.50 एकड़ भूमि पर सीबीएसई मान्यता वाले स्कूल की बात भी कही गई थी। कोनी शिक्षा के लिए बेहतर क्षेत्र है तो विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज और अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने तेजी से मकान बुक किये। बाद में कॉलोनी तो बनी पर स्कूल कभी नहीं खुला। और फिर कॉलोनी के विकास का वादा भी अधूरा रहा।

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के तिकड़मों के कारण ही इस कॉलोनी के सामने की जमीन पर जिला प्रशासन को बिलासा ताल बना कर सरकारी जमीन को संरक्षित करना पड़ा। लगता है ब्रिलिएंट और विवाद सजा संबंधों का उदाहरण हो गया है।

# धोखा-धाड़ी के मामले में आरोपी को किया गया गिरफ्तार

### प्रार्थी को विश्वास में लेकर बेइमानी करने के नियत से प्रार्थी से लिए हुए कैमरे को हरूङ्क पर बेचने के उद्देश्य से किया था, अपलोड



**गरियाबंद।**19 मार्च को आवेदक द्वारा छुरा थाना में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 14 मार्च को सतीश कुमार बंजारे के द्वारा आवेदक के फार्म से कैमरा छ्व-7500 एवं छ्व -7000 व 2 नग फ्लैश लाइट 2 नग सेल चार्जर,16 नग सेल एवं 4 बैटरी, दोनों कैमरा एवं चार्जर,दो कैमरा बैग तथा 2 चीप को 17 मार्च को वापस लौटा दूंगा कहकर विश्वास में लेकर आरोपी सतीश कुमार बंजारे बेईमानी पूर्वक हरूङ्क पर बेचने के उद्देश्य से अपलोड कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना छुरा में आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 318 (2), 316(2) ब्नहस का घटित होना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।जिस पर थाना प्रभारी छुरा के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मुखबिर के आधार पर आरोपी का पतासाजी कर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए पूछताछ करने पर अपना नाम सतीश बंजारे पिता राजकुमार उम्र 24 वर्ष ग्राम नगरदा थाना भिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी करने की नीयत से रखें कैमरा एवं अन्य समानों को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# भगवान झूलेलाल जी की शोभायात्रा में उमड़े सिंधी समाज के लोग





### झूलेलाल मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी भीड़, शरबत व प्रसादी का किया वितरण

**दुर्ग ।** वरुणदेव भगवान झूलेलाल जी की जयंती शुक्रवार को सिंधी समाज द्वारा पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में सुबह से ही भगवान झूलेलाल और बाराणा साहेब के दर्शन के लिए सिंधी समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने यहां भगवान झूलेलाल के भजनों पर नाच गाकर अपनी आस्था-भक्ति प्रकट की। जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए झूलेलाल मंदिर पहुंचे। उन्होने दर्शन कर भगवान झूलेलाल से शहर की सुख समृद्धि एवं खुशियाली के लिए कामना की। इस अवसर पर शदाणी युवा मंडल द्वारा सिंधी कॉलोनी स्टेशन रोड में प्रसाद एवं शरबत का वितरण किया गया। प्रसाद एवं शरबत ग्रहण करने यहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। प्रसादी व शरबत वितरण में शदाणी युवा मंडल के अध्यक्ष राजू पाहुजा, अमर बख्तियार, दर्शन किंगरानी, मुकेश मोहनानी, रवि शादीजा, विक्रम अंदानी, जितेन्द्र बत्रा, दिलीप अंदानी, सोना मोहनानी, सर्वानंद पंजवानी, अनिल बदानी,नानक मेघवानी, रोशन गणेशानी, नरेश हितलानी, हीरा जसवानी, अजित खत्री, मनीष मंगलानी, राम रत्नानी एवं अन्य सदस्यों ने सेवा दी, वहीं पूज्य सिंधी जनरल पंचायत और सिंधुड़ी सेवा समिति ने सिंधी धर्मशाला में भंडारा का आयोजन किया। जहां सिंधी समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। महाप्रसाद वितरण के दौरान पूज्य सिंधी जनरल पंचायत, सिंधुड़ी सेवा समिति के पदाधिकारी व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। सिंधी समाज द्वारा शाम को बाराणा साहेब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ सिंधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर पोलसायपारा, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैण्ड पहुंची। शाम को शिवनाथ नदी घाट में दीपों से महाआरती का आयोजन किया गया। जहां महाआरती उपरांत बाराणा साहेब का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा का पूरे रास्तेभर सिंधी समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रसादी व शरबत वितरण कर भगवान झूलेलाल जयंती की खुशियां मनाई गई। पोलसायपारा लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास कोटवानी परिवार द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल लोगों को शरबत बांटे गए। शरबत वितरण में अमर कोटवानी, सिद्धु कोटवानी, कोटवानी परिवार के अन्य सदस्यों के अलावा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री अशोक राठी, दुर्ग अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा, कैट चेयरमैन पवन बड़जात्या व अन्य व्यापारियों ने सेवाएं दी। शोभायात्रा में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आर एन वर्मा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, महापौर अलका बाघमार, पूर्व सभापति राजेश यादव, एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल, शेखर चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, जिला भाजपा प्रवक्ता नितेश साहू, कांग्रेस नेता दीपक दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद देव ताम्रकार, सुमित घोष, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष आसनदास मोहनानी सचिव शंकर गणेशानी, झूलेलाल सेवा मंडल अध्यक्ष विक्रम सचदेव, जगदीश सवानी, महेश गणेशानी, डॉ. श्यामदास राजपाल, किशन आहुजा, हशमराम, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, वासुदेव गोदवानी, मोहनलाल केसवानी, अटल गोदवानी, रवि केवलतानी, हरिशचंद्र सचदेव, राम रत्नानी, मोती राजपाल,लालाराम मेधवानी, मनीष सचदेव, संजय थडवानी, विजय थडवानी, हीरा मधनानी, चंदर जे कुकरेजा, सुमीत कुकरेजा, राजा खत्री के अलावा सिंधी समाज के महिलाएं व पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए।


// न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, जिला दुर्ग ( छ.ग )//

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नेहा साहू पार्षद वार्ड नं. 21 नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा कैलाश नगर कुरूद स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 1591, 1592 एवं 1593 में असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है के संबंध में पत्र कलेक्टर महोदय को प्रेषित किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है, जिसे कलेक्टर महोदय दुर्ग द्वारा समयसीमा के भीतर निराकरण किए जाने का निर्देश दिया गया है।

उपरोक्त संबंध में राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारियों की टीम गठित कर जांच प्रतिवेदन लिया गया। गठित टीम द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि संबंधित पक्षकारों को विधिवत सूचना दिया गया एवं दिनांक 02.01.2025 एवं 03.12.2025 को गठित टीम द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी / कर्मचारी एवं स्थल पंचनामा में हस्ताक्षरित व्यक्तियों की उपस्थिति में पटवारी चालू नक्शा के अनुसार आवेदित भूमि खसरा नं. 1591, 1592 एवं 1593 को नापकर स्थल में चिन्हांकित किया गया एवं उपस्थित नगर निगम अधिकारी / कर्मचारी एवं उपस्थित व्यक्तियों को अवगत कराया गया।

उक्त संबंध में विजय साव एवं अन्य 25 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें से 7 व्यक्तियों का नाम प्रकरण क्रमांक तथा सुनवाई दिनांक निम्नानुसार है।

| क्रं. | रा. प्र. क्र. | अनावेदक का नाम | सुनवाई तिथि | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 202602101000082/अ-68/वर्ष 2025-26 | विजय साव | 30.03.2026 | उपस्थिति एवं जवाब हेतु |
| 2 | 202602101000174/अ-68/वर्ष 2025-26 | ननकू सिंह | 30.03.2026 | उपस्थिति एवं जवाब हेतु |
| 3 | 202602101000098/अ-68/वर्ष 2025-26 | मस्जिद | 30.03.2026 | उपस्थिति एवं जवाब हेतु |
| 4 | 202602101000173/अ-68/वर्ष 2025-26 | अफरूद्दीन | 30.03.2026 | उपस्थिति एवं जवाब हेतु |
| 5 | 202602101000100/अ-68/वर्ष 2025-26 | सुजीत सिंह | 30.03.2026 | उपस्थिति एवं जवाब हेतु |
| 6 | 202602101000206/अ-68/वर्ष 2025-26 | इम्तियाज सिद्धिकी | 30.03.2026 | उपस्थिति एवं जवाब हेतु |
| 7 | 202602101000172/अ-68/वर्ष 2025-26 | रश्मि सिंह | 30.03.2026 | उपस्थिति एवं जवाब हेतु |

अतः उपरोक्त संबंध में अनावेदक आवश्यक दस्तावेज के साथ सुनवाई तिथि **दिनांक 30.03.2026** को स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

आज दिनांक 16.03.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

G-252607298 / 2

# संकुल केन्द्र रसोड़ा के तीन छात्रों का नवोदय में चयन

**बसना (समय दर्शन)।** संकुल केंद्र रसोड़ा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दुरुग पाली के दो छात्राओं कु. मानवी प्रधान पिता राजेश प्रधान तथा कु. तनीषा प्रधान पिता रोहित प्रधान का चयन नवोदय विद्यालय छिंदपाली होने पर ग्राम दुरुगपाली और संकुल रसोड़ा में खुशी की लहर है।

क्षविकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे एवम विकास खण्ड स्रोत समन्वयक अनिल सिंह साव ,नोडल प्राचार्य आनंद कुमार दास के कुशल मार्गदर्शन में,शासकीय प्राथमिक शाला दुरुग पाली में हर वर्ष नवोदय परीक्षा, एकलव्य परीक्षा, उत्कर्ष परीक्षा, और सैनिक स्कूल परीक्षा आदि कॉम्पिटिशन परीक्षा की तैयारी कराया जाता है और बच्चे चयन हो रहे है।

द्यसंकुल प्राचार्य आनंद कुमार दास एवम संकुल समन्वयक सन्तराम बंजारा के द्वारा लगातार शिक्षक गणो का बैठक और कार्यशाला आयोजित कर समय समय पर शासन के महत्वपूर्ण निर्देशो को कार्यशाला लगाकर बताया जाता है। परिणाम स्वरूप संकुल केन्द्र के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेकर


मानवी प्रधान


तनीषा प्रधान


यवान तांडी

सफल हो रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के चयन से गांव और संकुल गौरवान्वित हुआ है । इस अवसर पर विकास खण्ड शिकअधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे , सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंहकंवर ,नोडल प्राचार्य आनंद कुमार दास , संकुल समन्वयक सन्तराम बंजारा ,प्रधान पाठक जौशिक कुमार सामल, शिक्षक द्वय अविनाश भोई, अरुन्धती भोई, स्स्ष्ट सदस्य अध्यक्ष मधुसूदन प्रधान, सदस्य सुनील प्रधान, अनिल प्रधान, धर्मेंद्र साहू, भागीरथी साहू बिश्वनाथ प्रधान तथा समस्त ब्लॉक के समन्वयक संकुल के शिक्षक गणो ने चयनित बच्चों को बधाईव शुभकामनाएं दिए।

नोडल प्राचार्य आनंद कुमार दास ने चयनित शाला दुरुग पाली के शिक्षक गणो के मेहनत की सराहना करते हुए संकुल के बाकी स्कूलों को भी प्रेरणा लेने सलाह दिये।

# अवैध नकदी परिवहन पर शिकंजा

### महासमुन्द पुलिस द्वारा 5 दिन में 1.47 करोड़ कैश के साथ लक्जरी कार जप्त

**बसना ( समय दर्शन )।** जिले में अवैध गतिविधियों और अंतरराज्यीय सीमाओं पर संदिग्ध लेन-देन पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत महासमुंद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना बसना और थाना बलौदा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुल 75 लाख 20 हजार रुपये नकद सहित दो लग्जरी कारों को जब्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार, ओडिशा के पदमपुर से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही एक संदिग्ध टोयोटा हाईराईडर कार (ष्ट्ठ 04 क्त 6591) को पलसापाली नाका पर घेराबंदी कर रोका गया।




वाहन में सवार व्यक्तियों ने अपनी पहचान आशु बंसल (मुरैना, वर्तमान रायपुर) और चालक महेंद्र चौहान (मलाजखंड) के रूप में बताई। तलाशी के दौरान वाहन में रखी प्लास्टिक बोरी से 32 लाख 50 हजार रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा राशि के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

इसी तरह, थाना बलौदा क्षेत्र के सिरपुर नाका में चेकिंग के दौरान एक ङ्गङ्क कार (ह्रष्ठ 08 4159) को रोका गया। वाहन में सवार केशव अग्रवाल और गोविंद चंद मुंड (दोनों ओडिशा निवासी) के पास से 15 लाख रुपये नगद बरामद किए गए। यहां भी आरोपियों द्वारा नगदी के स्रोत और परिवहन से संबंधित कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

पुलिस ने दोनों मामलों में धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए नगदी रकम, वाहनों और अन्य सामग्री को जब्त कर लिया है। साथ ही मामले की जानकारी आयकर विभाग को भेज दी गई है, ताकि वित्तीय जांच आगे बढ़ाई जा सके।

गौरतलब है कि महासमुंद पुलिस द्वारा पिछले 5 दिनों में कुल 1 करोड़ 47 लाख 50 हजार 480 रुपये नगद जब्त किए जा चुके हैं, जिससे साफ है कि पुलिस अवैध आर्थिक गतिविधियों पर लगातार सख्ती बरत रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में आगे भी इसी तरह सघन चेकिंग अभियान जारी रहेगा और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# पीएमश्री सेजेस मोहला के विद्यार्थियों ने रायपुर में किया शैक्षणिक भ्रमण




**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू के मार्गदर्शन में पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोहला के विद्यार्थियों ने रायपुर में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का अनुभव किया। इस भ्रमण का सफल नेतृत्व विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा वर्मा ने किया।

कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं और 10वीं के कुल 101 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ 13 शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पहले साइंस सेंटर रायपुर ले जाया गया, जहाँ उन्होंने विज्ञान के विभिन्न मॉडल, प्रयोग और तकनीकों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

साइंस सेंटर के भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय का दौरा किया। यहाँ उन्हें आदिवासी संस्कृति, परंपरागत वस्तुएं, ऐतिहासिक धरोहर और बस्तर के राजा दलपत देव (दलपत राय) से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी मिली। विद्यार्थियों ने आदिवासियों के अंग्रेजों के खिलाफसंघर्ष और विद्रोह के बारे में भी विस्तार से जाना।

विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए नाश्ता, दोपहर और रात्रि भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई, जिसे विद्यार्थियों ने सराहा। इस शैक्षणिक भ्रमण ने न केवल पुस्तकीय ज्ञान बढ़ाया बल्कि व्यावहारिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी विद्यार्थियों को समृद्ध किया।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया जिला जेल का निरीक्षण



### भोजन व्यवस्था सहित चिकित्सकीय सुविधाओं का लिया जायजा

**महासमुन्द (समय दर्शन)।** अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी महासमुंद द्वारा 19 मार्च को बेमचा स्थित जिला जेल महासमुंद का निरीक्षण किया गया। माननीय छ0ग0 उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशानुसार एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बेमचा स्थित जिला जेल में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के पदाधिकारों द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद सुश्री चेतना ठाकुर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में बंदियो को दी जाने वाली विधिक सहायता, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, बैरकों की व्यवस्था, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, नए बैरको का निर्माण, मुलाकात कक्ष, विधिक सहायता कक्ष, बंदियों को प्रदत्त सुविधा, टॉयलेट की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के कपड़ो की दशा,



पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों को दी जा रही प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा बंदियों से प्रत्यक्ष रूप से जेल में उनके रहन-सहन, दिए जाने वाली औपचारिक सुविधा तथा न्यायालय में लंबित उनके प्रकरण और उनके अधिवक्ता तथा उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा नवनिर्मित अतिरिक्त बैरको का भी जायजा लिया गया। कमेटी के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री अक्षा गुप्ता, तहसीलदार जुगल किशोर, जेल अधीक्षक अश्विनी पूजा तिर्की, सहायक जेल अधीक्षक उदय राज गायकवाड़, एलएडीसीएस के अधिवक्ता श्रीमती रीना जैन, डोलामनी पटेल, जेल चिकित्सा अधिकारी महेन्द्र चैधरी, थाना प्रथारी महासमुंद नरेन्द्र राठौर, जेल स्टाफ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सपनों को मिली प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की उड़ान

### डॉ. शिबानी ने पेश की स्वावलंबन की अनूठी मिसाल

**जगदलपुर।** आज के बदलते दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बस्तर जिले की डॉ. शिबानी रानी सारंगी ऐसी ही एक प्रेरणादायक शख्सियत बनकर उभरी हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने डॉक्टर बनने के सपने को पूरा किया, बल्कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना का लाभ उठाकर उद्यमिता के क्षेत्र में भी कदम रखा है। बचपन से ही समाज सेवा का जज्बा रखने वाली डॉ. शिबानी ने कड़ी मेहनत से डेंटल सर्जरी की डिग्री प्राप्त की और ओरल व मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल की, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वयं का क्लिनिक स्थापित करना उनके लिए एक बड़ी आर्थिक चुनौती थी।

इस मुश्किल घड़ी में डॉ. शिबानी को एक मित्र के माध्यम से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जगदलपुर द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल कार्यालय जाकर ऋण प्रक्रिया को समझा और पंजाब नेशनल बैंक की डिमरापाल शाखा में अपना आवेदन प्रेषित किया। योजना के तहत उन्हें 8 लाख 56 हजार 900 रुपए की ऋण राशि स्वीकृत हुई, जिससे उनके सपनों को धरातल पर आने का रास्ता मिल गया। शासन की ओर से उन्हें 2 लाख 25 हजार 500 रुपए की सब्सिडी (अनुदान) भी प्राप्त हुई, जिससे उनका वित्तीय बोझ काफी कम हो गया।

वर्ष 2024 में जगदलपुर के कोठारी कॉम्प्लेक्स स्थित श्रीराम पोलिक्लिनिक में अपने डेंटल क्लिनिक की शुरुआत कर डॉ. शिबानी ने एक सफल चिकित्सक के साथ ही व्यवसायी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आज उनके क्लिनिक में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं और उनका सालाना टर्नओवर 3 से 4 लाख रुपए तक पहुंच गया है। विशेष बात यह है कि उन्होंने न केवल खुद को स्थापित किया, बल्कि अपने साथ दो अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। डॉ. शिबानी की यह सफलता सिद्ध करती है कि यदि मन में मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास हो, तो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सहयोग से किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# बुचीभरदा में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती मनाई गई

### समाजिक प्रगति के लिए एकता के सूत्र में बंध कर रहें- चंद्रशेखर साहू

### माता कर्मा सिर्फसाहू ही नहीं अन्य समाज के लिए के प्रेरणास्पद है - जितेन्द्र मुदलियार

### शोभायात्रा के बाद जसगीत झांकी,कविता पाठ ने लोगों को आनंदित कर दिया

**राजनादगांव।** परिक्षेत्रीय साहू समाज मोखला के अंतर्गत ग्राम बुचीभरदा ( सुरगी)में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती मनाई गई। ग्राम में शोभा यात्रा निकाली गई। सुबह ग्रामीण साहू समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज की नारी शक्ति एवं बेटियां कलश सजा कर ग्राम भ्रमण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. चेतन साहू समाज सेवी राजनांदगांव, अध्यक्षता चंद्रशेखर साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ राजनांदगांव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र मुदलियार, अध्यक्ष,शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, ढाल सिंह साहू थाना प्रभारी सुरगी, ओम प्रकाश साहू अंकुर संयोजक साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव, लखन लाल साहू लहर, सचिव, साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव, राजेश साहू पदाधिकारी मुड़पार परिक्षेत्र,राहुल साहू परिक्षेत्रीय



अध्यक्ष,मोखला, साधना साहू सरपंच आरला, छकन साहू अशोक कुमार साहू कुसमी, भूपेश साहू परिक्षेत्रीय सचिव, भक्तू राम साहू, शत्रुघ्न साहू, उत्तम साहू की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि डा. चेतन साहू ने एक सफल आयोजन हेतु ग्रामीण साहू संघ को बधाई दी एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि माता कर्मा ने तत्कालीन समय में चल रहे छुआछूत के विरुद्ध लड़ाई लड़ी और सभी वर्ग के लोगों के लिए मंदिर प्रवेश का द्वार खुलवाने में एक भागीरथ प्रयास किया। उन्होंने शोषण, अत्याचार के विरुद्ध जन जागृति फैला कर लोगों को संगठित किया। माता कर्मा सिर्फतेली समाज ही नहीं अपितु सभी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। मुदलियार ने कहा कि साहू समाज विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य कर अन्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंद्रशेखर साहू, ओमप्रकाश साहू अंकुर, भूपेश साहू ने संतमाता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सामाजिक नियमावली का पालन करने एवं सामाजिक एकता पर बल दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हास्य -व्यंग के सशक्त हस्ताक्षर कवि लखन लाल साहू लहर मोखला ने अपनी विशिष्ट शैली में कविता प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। बोदेला की जसगीत झांकी की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. चेतन साहू, चंद्रशेखर साहू , जितेन्द्र मुदलियार , ढाल सिंह साहू एवं अन्य अतिथियों ने समाज के प्रतिभावान बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कलश सजाओ स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेश कुमार साहू ने सचिव, परिक्षेत्रीय साहू समाज मोखला ने किया। इस अवसर पर रुस्तम साहू ग्रामीण अध्यक्ष टीकाराम साहू ग्रामीण सचिव जनेश्वर साहू संतोष साहू मुकेश साहू थलेश्वरी साहू, कुसुम लता साहू, प्रमुख पंचम साहू ,गणपत साहू,हेमलाल साहू ,अखिलेश साहू ,महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-खबर

### मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर का चुनाव संपन्न... पूनम अध्यक्ष अनीता सचिव ममता कोषाध्यक्ष नियुक्त....




**जांजगीर-चांपा// समय दर्शन** //मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर का चुनाव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2026 -27 हेतुसत्संग भवन नैला जांजगीर में संपन्न हुआ मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्षजोन 4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देशानुसार एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रीना केडिया के मार्गदर्शन मेंप्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चुनाव संपन्न कराया गया चुनाव संपन्न उपरांत पुन: अध्यक्ष की जवाबदारी पूनम अग्रवाल को सोपा गया इसी प्रकार सचिव के रूप में श्रीमती अनीता अग्रवाल और कोषाध्यक्ष रूप में श्रीमती ममता मोदीको जवाबदारी दी गई चुनाव संपन्न उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने समस्त सदस्यों का अभिवादन किया और मुंह मीठा करा कर कार्यभार ग्रहण किया अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा कि शाखा ने मेरी काबिलियत को देखते हुए मुझे पुन: अध्यक्ष बनाया है जिसका मैं निर्वहन भली-भांति करूंगी जिस प्रकार शाखा के द्वारा लगातार साल भर बढ़ चढ़कर कार्य किया गया है इस प्रकार आगामी वर्ष सभीप्रकार के जनहित कार्य संपादित किया जाएगा शाखा के सदस्यों द्वारा साल भर मुझे इतना स्नेह और सम्मान दिया है मैं उनके स्नेह और सम्मान का अभिवादन करती हूं और उनके द्वारा पुन: मुझ पर विश्वास करते हुए अध्यक्ष बनाने के लिए मैं हृदय से आभारी हूं और समस्त सदस्यों के साथ मिलकर वर्ष भर इसी तरह कार्य संपादित किया जाएगा उक्त चुनाव में प्रांतीय निर्देश श्रीमती सुनीता मोदी प्रांतीय संयोजक श्रीमती शिखा अग्रवाल श्रीमती मनीषा अग्रवाल श्रीमती पूनम जगानी श्रीमती बबीता गर्ग श्रीमती ज्योति अग्रवाल श्रीमती राधा अग्रवाल श्रीमती संतोष अग्रवाल श्रीमती मधु शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य गण उपस्थित थे,

### खाद्य विभाग की कार्यवाही: घरेलू व व्यवसायिक गैस सिलेंडर व चूल्हा जब्त



**जांजगीर चांपा //समय दर्शन** / कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम द्वारा कुकिंग गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण तथा व्यावसायिक उपयोग को रोकने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विकासखंड अकलतरा के ग्राम पंचायत अमरताल के श्री आनंदम रिज़ॉर्ट स्थित मिस्टर वेज रेस्टोरेंट की जांच की गई। उक्त प्रतिष्ठान में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के उल्लंघन पाए जाने पर 28 नग व्यावसायिक गैस सिलेंडर और 01 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। इसके साथ ही तिलई स्थित रोड़ा ढाबा में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने पर 03 नग घरेलू गैस सिलेंडर और तीन बर्नर वाला चूल्हा 2 नग और एक बर्नर वाला चूल्हा 1 नग, एक गैस पाइप और एक रेगुलेटर जप्त किया गया। साथ ही जांजगीर मुख्यालय के कलेक्टोरेट चौक स्थित श्री कृष्णा डेयरी एंड डेली नीड्स में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने पर 01 नग घरेलू गैस सिलेंडर और एक नग एक बर्नर वाला चूल्हा जप्त किया गया। जिले में कुकिंग गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा व्यावसायिक उपयोग रोकने हेतु लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।

### बस्तर हाफमैराथन के प्रचार हेतु बीजापुर से जागरूकता वाहन रवाना

**बीजापुर।** आगामी 22 मार्च को बस्तर में आयोजित होने वाली बस्तर हाफमैराथन के प्रचार-प्रसार और जिलेवासियों को अधिकाधिक संख्या में सहभागिता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से बीजापुर कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से वाहन को रवाना किया। यह वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर नागरिकों एवं खिलाड़ियों को बस्तर हाफमैराथन में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर मकान नं.-107, वार्ड नं. 26, मदर टेरेसा वार्ड, जगदलपुर, जिला-बस्तर ( छ.ग. )- 494001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, मो. 9827104452, दुर्ग कार्यालय- फोन नं.-0788-4051213, रायपुर कार्यालयः-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CTHIN/26/A1375